रोहतक
शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 259
पृष्ठ 16 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

मौसम
अधि. 34.6
न्यून. 15.9

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं




दिवाली तोहफा

सीएम बोले, एक वर्ष में ही 46 संकल्पों को किया पूरा

## नायब सरकार का एक साल पूरा होने पर खुला सौगातों का पिटारा

# बुढ़ापा पेंशन 200 रुपये बढ़ाई, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 8,029 प्लॉट बांटे

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर गरीब परिवारों को बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुढ़ापा पेंशन में 200 रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की। अब बुजुर्गों को नवंबर माह से हर महीने 3200 रुपये मिलेंगे। साथ ही 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के दूसरे चरण के तहत प्रदेशभर में लाभार्थियों को 141 ग्राम व 2 महाग्राम पंचायतों में 8,029 प्लॉटों का आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का भी आवंटन किया गया। जिला पंचकूला में हरियाणा सरकार के गौरवमयी एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के कुछ लाभार्थियों को मंच पर आवंटन पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविंद कल्याण, विधायक शक्ति रानी शर्मा और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया गया और प्रदेशभर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संदेश को सुना।

*मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थियों को 3 हजार रुपये प्रति माह पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। 1 नवंबर, 2025 से सरकार इसमें 200 रुपये की वृद्धि करने जा रही है। जिसके बाद नवंबर माह से लाभार्थियों को 3200 रुपये प्रति माह का लाभ प्राप्त होगा।*

- नवंबर से अब हर माह 3200 रुपये बुढ़ापा पेंशन मिलेगी
- पंचकूला में राज्यस्तीय समारोह का हुआ आयोजन
- दूसरे चरण में पिंजौर में 518 प्लॉटों का किया गया आवंटन
- पंचायतों और स्थानीय निकायों को 1483 करोड़ रुपये जारी किए

### 141 ग्राम और दो महाग्राम पंचायतों में बांटे प्लॉट




### नॉन-स्टॉप विकास का संकल्प लिया

सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले विधानसभा चुनावों के अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 46 वादों को एक साल में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, 158 वादों पर काम प्रगति पर है। सरकार ने नॉन-स्टॉप विकास का संकल्प लिया है। हम इसी वित्त वर्ष में कुल 90 संकल्प पूरे कर लेंगे।

### अब तक 15765 प्लॉटों का आवंटन

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण में 141 ग्राम और दो महाग्राम पंचायतों में 8028 प्लॉटों का आवंटन किया गया। अब तक 12031 प्लॉटों का आवंटन किया गया है। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का आवंटन किया गया। आज के प्लॉट मिलाकर 15765 प्लॉटों का आवंटन किया जा चुका है।

### पंचायतों व स्थानीय निकायों को भी सौगात

मुख्यमंत्री ने पंचायतों को विकास कार्यों के लिए स्टैम्प ड्यूटी और बिजली की खपत पर पंचायत सेस की 1,044 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि जारी की। साथ ही, प्रदेश के 322 गांवों में फिरनियों के निर्माण के लिए 169 करोड़ रुपये की राशि भी दी। इसके अलावा, शहरों में भी विकास कार्यों के लिए नगर निकायों को 1,483 करोड़ 77 लाख रुपये की राशि जारी की गई। कुल मिलाकर आज पंचायतों और नगर निकायों को डेवलपमेंट ग्रांट के रूप में 2,697 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि वितरित की गई।

### धनतेरस पर रजिस्ट्री ऑफिस खुले रहेंगे

हरियाणा में शनिवार को धनतेरस के दिन भी लोग अपनी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करा सकेंगे। लोगों की मांग को देखते हुए सरकार ने ये फैसला लिया है। सभी उप-पंजीयक कार्यालय 18 अक्टूबर अर्थात शनिवार को खुले रहेंगे, ताकि लोग धनतेरस के शुभ दिन पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सके।

### ग्रामसभा की बैठक में मिलेगा चाय-नाश्ता

हरियाणा सरकार ने पंचायतों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने फैसला किया है कि अब ग्राम सभा की बैठक में चाय-नाश्ता भी मिलेगा। इसके लिए ग्राम पंचायतों को चार हजार रुपए ग्राम सभा की बैठक के लिए मंजूर किए हैं। सरकार ने इसको लेकर ऑर्डर भी जारी किया है।

**600** करोड़ रुपये कीमत तेजस मार्क-1 ए की
**2205** किमी प्रति घंटा की रफ्तार से उड़ेगा
**500** से ज्यादा घरेलू कंपनियों ने बनाया



## रक्षामंत्री ने उत्पादन यूनिट का किया उद्घाटन

# स्वदेशी तेजस ने भरी पहली उड़ान, बढ़ेगी सेना की ताकत

**नासिक।** स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान ने शुक्रवार को अपनी पहली उड़ान भरी। भारतीय वायुसेना को मार्क 1 ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में तेजी लाने के मकसद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने महाराष्ट्र के नासिक में तीसरी प्रोडक्शन लाइन शुरू की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया। नासिक के ओझर की इस

### हर साल 8 विमान बनेंगे

फेसिलिटी में बने पहले लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने शुक्रवार को पहली उड़ान भरी। इस प्रोडक्शन लाइन के जरिए वायुसेना को 2032-33 तक 180 तेजस विमानों की आपूर्ति करने में मदद करेगी। यहां अभी आठ फाइटर जेट बनाए जा रहे हैं, जिसे बढ़ाकर 10 किया जा सकता है।



# प्रदेश को विकास, सुशासन और पारदर्शिता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया : कैप्टन अभिमन्यु

■ भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर कैप्टन अभिमन्यु ने सीएम व पूरे मंत्रिमंडल को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने हरियाणा भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूरे मंत्रिमंडल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हरियाणा भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को आधार बनाते हुए प्रदेश को विकास, सुशासन और पारदर्शिता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा ने पिछले एक वर्ष में जनकल्याण, कृषि, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और प्रशासनिक सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यह वर्ष सेवा, समर्पण और सुशासन की भावना को समर्पित रहा है। प्रदेश के हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है।

### डबल इंजन सरकार ने विकास में इतिहास रचा



कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और प्रेरणा से हरियाणा आज डबल इंजन सरकार की ताकत से तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा ने विकास, सुशासन और पारदर्शी शासन की नई परिभाषा गढ़ी है। कैप्टन अभिमन्यु ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में हरियाणा भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर और अधिक खरी उतरेगी तथा प्रदेश को समृद्ध, आत्मनिर्भर और आधुनिक हरियाणा के रूप में स्थापित करेगी।

### सरकार की मुख्य योजनाएं और उपलब्धियां

- चिरायु हरियाणा योजनाः गरीब परिवारों को 5 लाख तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर स्वास्थ्य सुरक्षा को सशक्त किया गया
- गरीब महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता योजनाः प्रदेश की गरीब महिलाओं को 2100 प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं
- लखपती दीदी योजना : ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सराहनीय पहल
- किसान हित सर्वोपरि : किसानों की उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदना, कृषि लागत को कम करना और समय पर भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है
- मुख्यमंत्री किसान एवं खेत मजदूर जीवन सुरक्षा योजनाः किसानों और खेत मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा का कवच प्रदान किया गया।
- मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना : गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु योजनाओं का समन्वित लाभ सुनिश्चित किया गया
- हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति : युवाओं और उद्यमियों के लिए रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित किए गए
- डिजिटल प्रशासन सुधार : ई-ऑफिस, ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी और स्मार्ट क्लासरूम जैसी योजनाओं से प्रशासनिक पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा मिला
- महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण : दुर्गा शक्ति ऐप, सखी वन स्टॉप सेंटर और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को और गति दी गई।
- पर्यावरण एवं ग्रामीण विकास : अमृत सरोवर, स्वच्छ हरियाणा और ग्राम पंचायत सशक्तिकरण कार्यक्रमों से हरियाणा को हरित और स्वावलंबी बनाने की दिशा में ठोस कार्य हुए हैं

## खबर संक्षेप

### आईपीएस सुसाइड मामले की जांच सीबीआई को सौंपने के लिए याचिका

चंडीगढ़। हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या मामले में सीबीआई जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने शुक्रवार को याचिकाकर्ता से पूछा कि किन परिस्थितियों में जांच को केंद्रीय एजेंसी को सौंपा जा सकता है।चीफ जस्टिस शील नागू की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय दिशानिर्देशों और फैसलों का हवाला देने को कहा और सुनवाई स्थगित कर दी।

### प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल : मुख्य सचिव

**चंडीगढ़।** पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, हरियाणा ने अपने महत्वाकांक्षी अनुपालन में कमी और विनियमन सुधार (डीरेगुलेशन) कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में यहां हुई एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में राज्य की सुधार पहलों की समीक्षा की गई। इन पहलों का उद्देश्य हरियाणा को देश का सबसे कारोबार-अनुकूल राज्य बनाना है। 5 सुधार बिंदु पूर्ण रूप से लागू किए जा चुके हैं, 14 सुधार बिंदुओं पर कार्य प्रगति पर है और 3 केंद्र सरकार के विचाराधीन हैं। यह उपलब्धि नियामक बोझ कम करने के दिशा में बड़ा कदम है।

## हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मोदी मॉडल चल रहा: मुख्यमंत्री

# सीएम सैनी बोले- जनता खुश है इसलिए मेरे चेहरे पर मुस्कान

प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा, विपक्ष को यह हजम नहीं हो रहा







हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी का कहना है कि हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मोदी मॉडल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार महत्वपूर्ण संकल्पों को पूरा किया जा रहा है। विकास के पथ पर अग्रसर हरियाणा निरंतर तरक्की की ओर अग्रसर है। उन्होंने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि जनता खुश है, इसलिए मेरे चेहरे पर मुस्कान रहती है। मुख्यमंत्री ने ये बात पंचकूला रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बिहार दौरे के संबंध में पूछे सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं बिहार प्रचार के लिए जा रहा हूं। कांग्रेस के शासन को जनता ने देखा हुआ है, बात बिहार की हो या पंजाब की, जनता विकास चाहती है। पंजाब के संबंध में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस और अब आम आदमी पार्टी ने वहां सब्जबाग दिखाएं है, झूठ बोलकर सत्ता हासिल कर ली। 2027 में वहां की जनता इन्हें जवाब देगी।

### विपक्षी नेताओं को सलाह-हंसना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है

मुख्यमंत्री के चेहरे पर मुस्कान पर विपक्ष के नेताओं द्वारा सवाल उठाये जाने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, या तो वो धरने पर बैठ जाते है या फिर इस प्रकार की बाते करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता खुश है, इसलिए मेरे चेहरे पर मुस्कान रहती है। उन्होंने विपक्ष के नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि हंसना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

### जापान की कई कंपनियां प्रदेश में निवेश करने की इच्छुक : सीएम

मुख्यमंत्रीने कहा कि जापान दौरे के वक्त कई कंपनियों ने हरियाणा आने की इच्छा जाहिर की है। महाभारत का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बर्बरीक को केवल सुदर्शन नजर आ रहा था, वैसे ही जापान में केवल और केवल मोदी—मोदी ही लोग कह रहे थे। जिस भी व्यक्ति से वहां बात हुई या जो भी उनसे मिला, उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी नीतियों को सराहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिन के इस दौरे में 5 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू साइन हुए है। दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार और एएसआई संदीप से संबंधित एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों ही घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण है।

### गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस राज्य भर में मनाया जाएगा

एक नवंबर से 25 नवंबर तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर के 350वां शहीदी दिवस को राज्य भर में मनाया जाएगा। इसके लिए आगामी एक नवंबर से 25 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार यहां अपने सरकारी आवास संत कबीर कुटीर में उक्त कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री को अवगत करवाया गया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की याद में एक नवंबर को अम्बाला में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा , इस शिविर का उद्घाटन मुख्यमंत्री करेंगे। इसके बाद तीन नवंबर को गुरु तेग बहादुर के जीवन से संबंधित स्कूली बच्चों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। यह प्रतियोगिता हिंदी , अंग्रेजी , पंजाबी तथा संस्कृत भाषा में होगी। पांच नवंबर को 1984 के दंगों में पीड़ित व्यक्तियों के परिवारों को नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। इसके साथ प्रदेश भर में अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### स्कूलों में कमर्शियल कार्यक्रमों और मैजिक शो पर प्रतिबंध

चंडीगढ़। प्रदेशभर के सरकारी स्कूलों और निजी स्कूलों में आने वाले वक्त में कमर्शियल कार्यक्रम और मैजिक शो किए गए, तो कार्रवाई होगी। हरियाणा शिक्षा विभाग मुख्यालय की ओर से इस संबंध में एक लिखित आदेश जारी करते हुए आने वाले वक्त में इस तरह की गतिविधियों को तुरंत प्रभाव से रोकने के लिए कहा है। इस तरह स्कूलों में दुकानदारी चलाने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। पैसे लेकर दिखाए जाने वाले शो और कार्यक्रमों पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा ने इसे लेकर पत्र जारी किया है।

### किसानों को खरीफ फसलों के लिए 5932 करोड़ की अदायगी

चंडीगढ़। खरीफ खरीद सीजन 2025 - 26 के दौरान किसानों के खातों में अब तक 5932.47 करोड़ की अदायगी उनके बैंक खातों में सीधे स्थानांतरित की जा चुकी है। इस तरह सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया है। हरियाणा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितों को देखते हुए जिला की सभी अनाज मंडियों में धान की खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने कहा कि जिले में हैफेड, वेयर हाउस व अन्य एंजेसियां खरीद कर रही है।


**उत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-14/2025-26 दिनांक 17.10.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15.00 बजे** तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या :** 30-विद्युत-19/2025-26 (ओपन टेंडर) | |
| **कार्य का नाम :** निरीक्षण गड्ढे का पुनर्निर्माण, आरडब्ल्यूपी के साथ घाटी नाली का प्रतिस्थापन और डीजल शेड अंबाला की अन्य मरम्मत, पटियाला माल शेड का उन्नयन जिसमें पहुंच मार्ग, चारदीवारी और नया गुड्स ऑफिस शामिल है, अबोहर स्टेशन पर कराची माल साइडिंग का उन्नयन और 4 नए डॉक्टर्स चैंबर, एक डार्क रूम और 03 केबिन प्रदान करके ओपीडी का विस्तार करके डिवीजनल रेलवे अस्पताल का उन्नयन और सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत अन्य संबंधित कार्य | |
| **लगभग लागत (रु.) :** रु. 49,54,489.59 | |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** रु. 99,100.00 | |
| **पूर्ण होने की अवधि :** 03 महीने | |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** 10.11.2025 | |
| **निविदा संख्या :** 30-विद्युत-20/2025-26 (ओपन टेंडर) | |
| **कार्य का नाम :** एसएसई/डब्ल्यू/ई/अंबाला खंड में पुरानी रेलवे कॉलोनी (चरण-II) में पार्क का विकास/उन्नयन संबंधित कार्य | |
| **लगभग लागत (रु.) :** रु. 10,37,620.97 | |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** रु. 20,800.00 | |
| **पूर्ण होने की अवधि :** 02 महीने | |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** 10.11.2025 | |

**1)** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2)** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15.00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3)** कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4)** विवरग के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। **5)** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **3235/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


‘एक दिया देश के नाम’ का संदेश लेकर जाएगी

### हरियाणा की बेटियां कश्मीर में सैनिकों के साथ दिवाली मनाएंगी



**चंडीगढ़।** हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की 50 छात्राओं को शुक्रवार को राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने ‘एक दिया देश के नाम’ कार्यक्रम के अंतर्गत राजभवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर कश्मीर के लिए रवाना किया। ‘एक दिया देश के नाम’ कार्यक्रम मीडिया छात्र एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश सेवा से प्रेरणा लेकर आयोजित इस यात्रा में हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों की छात्राएं कश्मीर जाकर सीमाओं पर तैनात सैनिकों के साथ दीपावली का पर्व मनाएंगी।

**हमारी खुशियों को श्रेय वीर जवानों को**

घोष ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आज हम अपने घरों में सुरक्षित रहकर खुशियां मना रहे हैं, तो इसका श्रेय हमारे उन वीर सैनिकों को जाता है जो सीमाओं पर देश की रक्षा में दिन-रात तत्पर रहते हैं।

### सरकार ने किसानों को ठगा व जनता को निराश किया: ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल पर सीधा और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हरियाणा में सरकार जनता की नहीं बल्कि दिल्ली दरबार से चल रही है। नायब सिंह सैनी सिर्फ डमी सीएम हैं, जबकि असली सत्ता और फैसले आज भी मनोहर लाल और भाजपा हाईकमान के हाथ में हैं। यह सरकार हरियाणा की जनता के लिए नहीं, भाजपा के राजनीतिक एजेंडे के लिए चलाई जा रही है। अनुराग ढांडा ने कहा कि नायब सिंह सैनी के एक साल के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एनसीआरबी के आंकड़े खुद गवाही दे रहे हैं कि हरियाणा अब देश के सबसे असुरक्षित राज्यों में गिना जा रहा है। महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं, सजा दर घट रही है, जिससे लोग निराश है।



**सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्राथमिकता** : चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के हर नागरिक को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 335 दिनांक 09.10.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत ।**

**गुमशुदा की पहचान**

नाम- मेवाराम ।
पिता का नाम - हुवास ।
पता वासी गांव वुठीया थाना छनियाण जिला हरजोई बिहार हाल किराएदार शान्ति नगर मुरथल सोनीपत हरियाणा ।
उम्र 50 वर्ष ।
कद 5 फुट 6 ईन्च।
हुलिया- रंग सावला, लम्बुतरा चेहरा, काले सफेद बाल, पतला शरीर।
पहनावा - आसमानी रंग की कमीज पेंट व पैरो में चप्पल पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 07.10.2025 को मेवाराम पुत्र हुवास वासी वासी गांव बुठीया थाना छनियाण जिला हरजोई बिहार हाल किराएदार शान्ति नगर मुरथल सोनीपत हरियाणा । बिना किसी को कुछ बताए घर से कही चला गया हैं। अब तक घर वापिस नही आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मुरथल मो0 न0 - 7419410540
अनुसंधान कर्ता मु० सिपाही सदींप 1034 / सोनीपत मो0 न0-9050578095
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

**अपराध अभिलेखअधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत**

पीआरडीएच-1084/11/4025/2026/39563/88/6 दि. 17.10.2025



**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

| क्र0 सं | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-21/ 2025-26 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद (i) प्रोविसजन ऑफ सेकंड लूप लाइन एट गुरने (जी०आर०एन) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन (ii) प्रोविजन ऑफ (पी०क्यू०आर०एस०) मशीन साइडिंग एट गुरने (जी आर एन स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन. | 13.11.2025 at 15.00 hrs | Rs. 23463234.88/- | Rs. 267300/- | 180 दिन |

नोट :– वरि0 मंडल सिग० एवं टेली० इंजी०/उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें।
1 टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।
2 निविदाकारों को ई–टेण्डरिग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तो इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

**संख्याः– एस.डब्ल्यू/सिग/अंबाला/एन0आई0टी0–09/2025–26 दिनांकः 16.10.2025** **3221/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना – ई – टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई – प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व् खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-8-19-MB DATE 15.10.2025 | मुरादाबाद डिवीज़न के मुरादाबाद–गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 19 DN (8x12.2m), 22DN (6x12.2m), 49DN (5x12.2m), 51DN (6x12.2m), 58-A/UP (9x12.2m), 89UP (6x12.2m), पर साइड पाथवे के प्रावधान का कार्य। | ₹ 96,34,136.97 | ₹ 192700/- | (08) आठ महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांकः 10.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
| 2 | 32-W-BR-1125-1077-MB DATE 15.10.2025 | अधि. अभि. पुल / मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार मुरादाबाद मंडल में बरेली–मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1125 UP & DN, 1075 UP और 1077UP के ऊपरी फ्लैंजों को बदलना और स्ट्रिंगर और क्रॉस गर्डर के ऊपरी फ्लैंज पर अतिरिक्त कवर प्लेट का प्रावधान करना। | ₹ 2,88,65,734.62 | ₹ 294300/- | (12) बारह महीने | निविदा जमा करने का समय दिनांकः 10.11.2025 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |

**नोट :** उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। **3237/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेलः Coemunimpur@gmail.com**

**केन्द्र पर सफेदी करवाने के लिए सामान खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर चारदिवारी व बिल्डिंग व अन्य संरचनाओं पर रंग-रोगन करवाने हेतु सामान की आवश्यकता है।

| Sr. No. | Particular | Specification | Qty/Amount | Rate/Unit |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Distemper | Exterior white color | 105 buckets (20 ltr. Each) | |
| 2 | Roller | 8" | 20 | |
| 3 | Roller | 4" | 10 | |
| 4 | Steel Patti | 8" | 20 | |
| 5 | Brush | 5" | 10 | |
| 6 | Brush | 3" | 20 | |
| 7 | Cotton cloth (धोती) | - | 20 | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 27.10.2025 सांय 5 बजे तक कार्यालय की ई-मेल coemunimpur@gmail.com या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विषेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं तथा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र का निरीक्षण कर सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

**हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर, झज्जर।**

पीआरडीएच-1149/11/963/2026/39621/88/6 दि. 17.10.2025



**THE HARYANA CO-OPERATIVE SUGAR MILL LTD., BHALI ANANDPUR, ROHTAK**
Email: rik. sugar@gmail.com,website: www.rohtaksugars.com
Contact No. 01258-250641, 250800

LiFE Lifestyle for Environment

**आम सभा की बैठक दिनांक 13.11.2025 बारे सूचना**

हरियाणा सहकारी चीनी मिल्स लिमिटिड, भाली आनन्दपुर, रोहतक के समस्त अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि मिल की आम सभा की बैठक दिनांक 13.11.2025 (वीरवार) को प्रातः 11:00 बजे होनी निश्चित हुई है। बैठक में निम्नलिखित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा:-

1. वार्षिक आम सभा की पिछली बैठक दिनांक 28.01.2021 की पुष्टि बारे।
2. वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 व 2024-25 के तुलन-पत्र व लाभ-हानि का लेखा, जो कि लेखा परीक्षकों से अंकेक्षित है, को अनुमोदित करना।
3. मिल के सभी अंशधारकों की सूची की पुष्टि करने बारे।

अतः मिल के सभी अंशधारकों से अनुरोध है कि निश्चित तिथि व समय पर उपरोक्त माध्यम से बैठक में भाग लेने का कष्ट करें।

**हस्ता/-प्रबन्ध निदेशक**

संवाद 1039/11/105/2026/39623/C/88/6 दि. 17.10.2025



**उद्यान विभाग, हरियाणा**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनिमपुर (झज्जर)-124105**
**ई-मेलः Coemunimpur@gmail.com**

**केन्द्र पर सफेदी करवाने के लिए लेबर हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर चारदिवारी, मेन गेट, फैन्सी लाईट इत्यादि पर रंग-रोगन करवाने हेतु लेबर / कारीगर की आवश्यकता है। कार्य का विवरण निम्नलिखित हैः-

| क्रं.सं. | Particular | Area (Sqm) | Rate/sqm. |
|---|---|---|---|
| 1 | सफेदी (Whitewash) | 4500 | |
| 2 | पेन्ट (Paint) | 2500 | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 27.10.2025 सांय 5 बजे तक कार्यालय की ई-मेल coemunimpur@gmail.com या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105 पर भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विषेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते हैं तथा किसी भी कार्यदिवस में उपरोक्त कार्य के संबंध में केन्द्र का निरीक्षण कर सकते हैं। केन्द्र की आकलन कमेटी के द्वारा आकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अभिकार आकलन कमेटी के पास होंगे।

**हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,**
**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,**
**मुनीमपुर, झज्जर।**

पीआरडीएच-1149/11/964/2026/39622/88/6 दि. 17.10.2025

रोहतक
शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 259
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.6
न्यून. 15.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

धनतेरस की हार्दिक शुभकामनाएं




## खबर संक्षेप

### आईआरसीटीसी की टिकट बुकिंग साइट हुई ठप

**नई दिल्ली।** रेलवे की टिकट ऑनलाइन बुक करने वाली आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर फिर डाउन हो गई। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी कारणों से दिक्कत हुई। मोबाइल एप का भी यही हाल रहा। करीब आधे घंटे बाद यह सामान्य हो गई। लेकिन इस दौरान लाखों यूजर्स को भारी परेशानी हुई। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा उतारा है। धनतेरस से एक दिन पहले उस समय सर्विस डाउन हुई है जबकि तत्काल की बुकिंग शुरू होनी थी। यूजर्स ने जैसे ही साइट खोली, उन्हें एक मैसेज दिखाई देगा। *एजेंसी*

### 210 नक्सलियों ने किया सामूहिक सरेंडर



**रायपुर।** नक्सलवाद का अंत अब बेहद नजदीक दिख रहा है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में 210 नक्सलियों ने एक साथ हथियार छोड़ मुख्यधारा में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह देश का सबसे बड़ा नक्सल सरेंडर है। दशकों से देश की सबसे बड़ी समस्याओं में से 'नक्सलवाद' को मार्च 2026 तक पूरी तरह खत्म करने का लक्ष्य है। *एजेंसी*

## मुख्यमंत्री भूपेश पटेल को छोड़कर पूरी सरकार बदली

# गुजरात कैबिनेट में बड़ा फेरबदल, 19 नए चेहरे

**एक दिन पहले 16 मंत्रियों का इस्तीफा अगले दिन 26 नए को दिलाई शपथ**

भाषा ▶▶ गांधीनगर

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को एक बड़े फेरबदल में अपनी मंत्रिपरिषद में 19 नए चेहरों को शामिल किया और अपनी पिछली टीम से छह को बरकरार रखा। हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत किया गया जबकि क्रिकेटर रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा जडेजा को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली। इस फेरबदल के साथ, मंत्रिपरिषद की कुल संख्या अब मुख्यमंत्री समेत 26 हो गई है, जो पहले 17 थी। कुल 182 सदस्यों वाली राज्य विधानसभा में सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत या 27 मंत्री हो सकते हैं। मंत्रिपरिषद का पुनर्गठन 2027 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव से दो साल पहले और स्थानीय निकाय चुनावों से कुछ महीने पहले हुआ। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नये मंत्रियों के साथ-साथ उन नेताओं को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जिन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है और राज्य मंत्रियों से राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया है।

### हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया



### मुजारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं संघवी

सूरत शहर के मुजारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संघवी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वह अब तक गृह राज्य मंत्री थे। पटेल के मुख्यमंत्री के रूप में पिछले चार वर्षों के कार्यकाल में यह पहली बार है कि राज्य में उपमुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। आखिरी बार पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत विजय रूपाणी के नेतृत्व वाली सरकार में नितिन पटेल उपमुख्यमंत्री थे। संघवी समेत छह विधायकों को मंत्रिमंडल में बरकरार रखा गया है। सभी 16 मंत्रियों ने हालांकि बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था, लेकिन छह मंत्रियों के इस्तीफे मुख्यमंत्री ने स्वीकार नहीं किए थे।

### तीन महिला मंत्री

मंत्रिपरिषद में वर्तमान में 25 मंत्रियों में से नौ कैबिनेट स्तर के हैं, तीन स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री हैं और 13 राज्य मंत्री हैं। मुख्यमंत्री ने फेरबदल में 10 मंत्रियों को हटा दिया, जिनमें उद्योग मंत्री बलवंतसिंह राजपूत, कृषि मंत्री राघवजी पटेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भानुबेन बाबरिया और वन एवं पर्यावरण मंत्री मुलु बेरा जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। नयी मंत्रिपरिषद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है क्योंकि पहले एक के मुकाबले अब तीन महिलाएं इसमें शामिल हैं।

### पूरी सरकार बदलने के पीछे कारण

**बड़ा बदलाव**

भाजपा ने सभी 16 मंत्रियों से इस्तीफा मांगा, ताकि नया मंत्रिमंडल बनाने के लिए पूरी आजादी मिले।

**कमजोर प्रदर्शन**

कई मंत्रियों का प्रदर्शन कमजोर था। पार्टी उनकी जगह नए चेहरे लाना चाहती थी।

**जातीय समीकरण**

पिछली कैबिनेट में 16 मंत्री थे। भाजपा पटेल कम्युनिटी को ज्यादा जगह देना चाहती थी।

**लोकल चुनाव**

गुजरात में अगले कुछ महीनों में लोकल बॉडी चुनाव हैं। बिसावदर विधानसभा उपचुनाव हारने के बाद भाजपा नए चेहरों को मौका देना चाहती है।

**ज्यादा नेताओं की हिस्सेदारी**

गुजरात विधानसभा में 182 सीटें हैं। अभी 16 मंत्री थे, जबकि कुल सीटों के 15% के हिसाब से मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

### छह पुराने मंत्री, आठ ओबीसी

कैबिनेट में 19 नए चेहरे हैं, जबकि पिछली बार के 6 मंत्री ही अपना पद कायम रख पाए हैं। वहीं, 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं हैं। सीएम समेत 8 मंत्री पटेल समाज से हैं। खास बात यह है कि हटाए गए मंत्रियों पर न तो कोई आरोप था और न कोई कानूनी केस। इसके बावजूद सरकार में बड़े फेरबदल को गुजरात में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी माना जा रहा है।



## आज से दीप पर्व की शुरुआत

दीप पर्व 18 से 23 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। कहा जाता है कि कार्तिक मास की अमावस्या की आधी रात में देवी लक्ष्मी धरती पर आती हैं और हर घर में जाती हैं। जिस घर में स्वच्छता और शुद्धता होती है, वे वहां निवास करती हैं।



### 1. धनतेरस

धनतेरस पर कुबेर, यमराज और धन्वंतरी की पूजा विधि-विधान से की जाती है। इस दिन सोना-चांदी और बर्तन खरीदने से वो संपदा अक्षत हो जाती है।



### 2.नरक चतुर्दशी

छोटी दिवाली पर मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी के दिन प्रातः काल तेल लगाकर अपामार्ग (चिचड़ी) की पत्तियां जल में डालकर स्नान करने से नरक की यातनाओं से मुक्ति मिलती है।




### 3. दीपावली

दिवाली पर गणेश लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है जिससे बुद्धि और धन दोनों की प्राप्ति होती है। यह मां लक्ष्मी के अवतरण का दिन है। दीपावली पर कुछ चीजें व संकेत दिखना अति शुभ माना गया है।



### 4. गोवर्धन पूजा

दिवाली के अगले दिन कृष्ण रूपी गोवर्धन की पूजा की जाती है और संध्या में मंदिरों में अन्नकूट पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। मंदिरों में भगवान को 56 भोग लगाकर प्रसादी बांटी जाती है।



### 5. भाई दूज

यह भाई-बहन के प्रेम से जुड़ा हुआ है। यमुना और यमराज की भैया दूज की कथा पौराणिक महत्व रखती है। भाई-बहनों को उपहार देते हैं और बहन उनके लिए खुशियां ईश्वर से मांगती हैं।

**जबरन टॉयलेट में घसीटकर ले गया**

## इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज के कैंपस में छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने दुष्कर्म के आरोप में कॉलेज के ही 21 साल के इंजीनियरिंग स्टूडेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान छठे सेमेस्टर के छात्र जीवन गौड़ा के रूप में हुई है। पीड़ित छात्रा भी उसी कॉलेज में सातवें सेमेस्टर की स्टूडेंट है। घटना 10 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे से 1:50 बजे के बीच हुई थी। उसने 5 दिन बाद, 15 अक्टूबर को एफआईआर दर्ज कराई थी। पीड़ित ने एफआईआर में बताया कि आरोपी ने कॉलेज के सातवीं मंजिल पर उसे मिलने बुलाया था। जब वह पहुंची, तो आरोपी ने जबरदस्ती चूमने की कोशिश की। छात्रा वहां से चली गई। आरोपी उसका पीछा करते हुए छठी मंजिल तक पहुंच गया। उसे पुरुषों के टॉयलेट में घसीटकर ले जाकर दुष्कर्म किया।



■ कॉलेज के ही 21 साल के छात्र ने की वारदात

**एक और पुलिस कर्मचारी ने दी जान**

**घरेलू कलह से परेशान होकर उठाया कदम...**

## एएसआई ने लगाई फांसी पत्नी पर प्रताड़ना के आरोप

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** गुरुग्राम में तैनात हरियाणा पुलिस के एक एएसआई ने गुरुवार की रात अपने गांव जैनाबाद स्थित मकान में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने अपनी पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों को जिम्मेदार ठहराया है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। जैनाबाद निवासी लगभग 40 वर्षीय कृष्ण कुमार हरियाणा पुलिस में बतौर एएसआई तैनात था। उसकी ड्यूटी गुरूग्राम में चल रही थी। गुरुवार रात उसने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने कृष्ण कुमार का सुसाइड नोट बरामद किया, जिसने उसने अपनी पत्नी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। उसकी पत्नी दिल्ली में स्कूल टीचर है। मृतक के दो बच्चे हैं। परिजनों के अनुसार पत्नी की प्रताड़ना के चलते कृष्ण कुछ दिनों से परेशान रहता था। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर पत्नी व उसके मायके वालों पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।



■ पत्नी दिल्ली में स्कूल टीचर, दो बच्चे

### करीबी को बताए थे हालात

पोस्टमार्टम होने के बाद कृष्ण कुमार का शुक्रवार दोपहर अंतिम संस्कार किया गया है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद थे। ग्रामीणों ने बताया कि कृष्ण कुमार बेहद शांत स्वभाव का था। यह भी बताया जा रहा है कि उसने सुसाइड से पहले अपने एक करीबी को फोन किया था। फोन पर उसने पारिवारिक हालात सांझा किए थे। पुलिस ने मोबाइल फोन की कॉल डिटेल से उसका पता लगाने के प्रयास कर रही है। पुलिस ने सुसाइड नोट की जांच के उसे लैब में भेजा है।

**फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने लेह में इस नई सुविधा का किया उद्घाटन**

## लद्दाख में भारतीय सेना ने बनाया 'मदर हब' हर मौसम में नई पीढ़ी के वाहनों की होगी मरम्मत

**यहां के दुर्गम इलाकों में साल के 6 महीने खराब मौसम की वजह से आवा-जाही बहुत ही मुश्किल**

*आने वाले समय में भारत-पाक और भारत चीन सीमा (एलओसी) के करीब कारगिल, तंगत्से और न्याओमा जैसे क्षेत्रों में इसी तरह से सैटेलाइट हब बनाने की भी योजना*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के नई पीढ़ी के वाहनों के लिए लद्दाख में एक विशाल लॉजिस्टिक हब स्थापित किया गया है, जिसे 'मदर हब' कहा जा रहा है। लेह-लद्दाख से पाकिस्तान और चीन की लंबी सीमाएं जुड़ती हैं, लेकिन यहां के दुर्गम इलाकों में साल के 6 महीने खराब मौसम की वजह से आवा-जाही बहुत ही मुश्किल रहती है। मरम्मत के लिए सेंटर स्थापित करने से सेना की ऑपरेशन ताकत में बढ़ोतरी होगी।



### मदर हब की हर क्षेत्र से बेहतरीन कनेक्टिविटी

लेह में जिस जगह पर मदर हब बनाया गया है, वह सामरिक रूप से एक ऐसा चौराहा है, जहां से लद्दाख के सभी सैन्य क्षेत्रों तक कम समय में पहुंचा जा सकता है। यही नहीं, यहां एक बेहतरीन एयर कनेक्टिविटी भी उपलब्ध है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक यहां पर सभी तरह के महत्वपूर्ण कलपुर्जों का विशाल भंडार भी रखा जाएगा।

### तकनीकी मदद के लिए सहयोगी सेवाएं भी उपलब्ध

रक्षा उद्योग में साझेदार की भूमिका निभाने वाले, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड,महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड, भारत फोर्ज लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू गीको मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड,पोलारिस और जेसीबीआईएल ग्रुप से जुड़े एक्सपर्ट भी यहां उपब्ध रहेंगे, जिनसे तुरंत तकनीकी सहायता उपलब्ध हो सकेगी और मरम्मत से जुड़ी सारी समस्याओं का तेजी से समाधान भी मिलेगा।



## खबर संक्षेप

### सीएम फ्लाइंग ने झोलाछाप डॉक्टर को किया गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर द्वारा मरीजों के इलाज के नाम पर उनकी जान से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने मौके पर रेड कर झोलाछाप डॉक्टर को काबू कर लिया है। यहां न केवल उसके द्वारा क्लीनिक के नाम पर छोटा अस्पताल चलाया जा रहा था बल्कि पैथलैब का भी संचालन किया जा रहा था। टीम ने उसे काबू कर खेडक़ीदौला थाना पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### निवेश का लालच देकर 4,55,000 की ठगी

**फरीदाबाद।** बिजनेस में निवेश कर पैसे कमाने का लालच देकर 4,55,000 रुपये की ठगी के मामले में खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सेक्टर-49 वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 25 जनवरी को उसके पास व्हाट्एप पर कॉल आयाए जिसने यूएसए एफिलिएट मार्केटिंग और डीपीएस प्रोग्राम के बिजनेस में निवेश करने के लिए कहा था।

### चाकू से हमला करने के मामले में चाचा गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** भतीजा-भतीजी पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया। बंटी वासी श्रद्धानन्द बस्ती फरीदाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया की 12 अक्टूबर को करीब 8-9 बजे उसका चाचा सतीश उनके घर के बाहर गाली गलौच कर रहा था।

### आत्महत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** आत्महत्या के दुष्प्रेरण के मामले में क्राईम ब्रांच सैक्टर-48 की टीम ने सासू, साली व पत्नी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बीते 3 अक्टूबर की सुबह गांव नेकपुर वासी एक व्यक्ति ने अपने 3 बच्चों का गला घोट दिया तथा खुद आत्महत्या कर ली, इस घटना में उस व्यक्ति की दो बेटियों की भी मृत्यु हो गई थी। जिस संबंध में आरोप लगाया गया कि मृतक कर्मवीर को रिश्तेदारों द्वारा प्रताड़ित किया गया व झुठे केस में फंसाने की धमकी दी गई, जिससे तंग आकर उसने यह कदम उठा लिया।

**सोनीपत में त्योहारों पर घटना :** दूषित पानी और खराब मिठाई खाने से बिगड़ी तबीयत, कई मरीजों की हालत गंभीर

# फूड प्वाइजनिंग से हड़कंप, एक ही दिन में 20 से अधिक लोग बीमार

### दो की हालत गंभीर होने के चलते रोहतक पीजीआई किया रेफर

*चिकित्सकों के अनुसार मरीजों में फूड प्वाइजनिंग, डायरिया और खराब मिठाई खाने जैसे लक्षण पाए गए है। प्राथमिक जांच में संभावना जताई जा रही है कि मरीजों की तबीयत दूषित पानी या अस्वच्छ भोजन के सेवन से बिगड़ी है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर में शुक्रवार सुबह अचानक उल्टी-दस्त और पेट दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सुबह से लेकर शाम तक करीब 20 से अधिक मरीज नागरिक अस्पताल पहुंचे, जिनमें कई की हालत इतनी गंभीर थी कि वे खुद चलने-फिरने में भी असमर्थ थे। डॉक्टरों ने सभी का तत्काल इलाज शुरू किया और उन्हें आवश्यक दवाएं व तरल आहार दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार मरीजों में फूड प्वाइजनिंग, डायरिया और खराब मिठाई खाने जैसे लक्षण पाए गए है। प्राथमिक जांच में संभावना जताई जा रही है कि मरीजों की तबीयत दूषित पानी या अस्वच्छ भोजन के सेवन से बिगड़ी है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक प्रभावित क्षेत्रों से पानी के सैंपल नहीं लिए हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है।



**सोनीपत।** अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में भर्ती मरीज। फोटो : हरिभूमि

### बाहर की मिठाई या अस्वच्छ भोजन का सेवन न करें

पानी को उबालकर या फिल्टर करके ही पिएं और बाहर की मिठाई या अस्वच्छ भोजन का सेवन न करें। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि मामले की जांच कर संबंधित क्षेत्रों से पानी के सैंपल जल्द लिए जाएंगे ताकि फूड प्वाइजनिंग के सही कारण का पता लगाया जा सके। -डा. शैलेंद्र राणा, फिजिशियन नागरिक अस्पताल सोनीपत।

### सप्लाई का पानी लंबे समय से गंदा आ रहा

वहीं क्षेत्र में संदिग्ध मौत की भी सूचना मिली है। जिसके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। नागरिक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में पहुंचे मरीजों और परिजनों का कहना है कि वे सप्लाई का पानी पीने को मजबूर हैं, जो लंबे समय से गंदा आ रहा है। ज्यादातर बीमार लोग किराये की इमारतों में रहने वाले हैं, जहां पानी की उचित व्यवस्था नहीं है।

### सभी मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में किया गया भर्ती

अग्रसेन चौक के पास स्थित राजीव कॉलोनी, शिव कॉलोनी, ऋषि कुंज कॉलोनी, आरके कॉलोनी, गढ़ी ब्राह्मणान और विकास नगर से अधिकतर बीमार लोग अस्पताल पहुंचे। इन सभी के लक्षण एक जैसे हैं, उल्टी, दस्त, तेज पेट दर्द और मरोड़। मरीजों में शिव कॉलोनी की अनीता पत्नी सिकंदर, अनीता पत्नी मुकेश, गढ़ी ब्राह्मणान की पूजा, ऋषि कुंज कॉलोनी के हिमांशु, विकास नगर के विशाल, आरके कॉलोनी की दीपिका, और राजीव कॉलोनी की पूनम शामिल हैं। सभी को फिलहाल इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया है।

### पानी के सैंपल लेने पर स्थिति होगी स्पष्ट

अस्पताल प्रशासन ने बताया कि फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि उल्टी-दस्त का कारण फूड प्वाइजनिंग है या दूषित पानी। पानी के सैंपल लेने के बाद ही क्लियर हो पाएगा। वहीं मजदूरों के टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल इलाके के लोगों को उबला या फिल्टर किया हुआ पानी पीने की सलाह दी गई है।

**त्योहारों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई**

## दस क्विंटल खराब रसगुल्ले नष्ट कराए

**सोनीपत।** त्योहारी सीजन में मिठाइयों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने देवड़ू रोड स्थित श्रीश्याम मिष्ठान भंडार पर छापा मारकर 10 क्विंटल (1,000 किलो) खराब रसगुल्ले मौके पर ही नष्ट कराए। खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच में पाया गया कि दुकान पर कुल 1,400 किलो रसगुल्ले और 300 किलो गुलाब जामुन का स्टॉक रखा गया था, जिसमें से केवल 400 किलो रसगुल्ले और 300 किलो गुलाब जामुन ही गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरे। शेष 1,000 किलो रसगुल्ले की गुणवत्ता असंतोषजनक पाई जाने पर उन्हें तुरंत नष्ट कर दिया गया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिरेंद्र यादव ने बताया कि विभाग ने मिठाई और डेयरी उत्पादों की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है।



**सोनीपत।** रसगुल्ले नष्ट करते हुए अधिकारी।

## कैथल में 17500 किग्रा मिलावटी मिठाई बरामद

**फैक्ट्री संचालक हुए फरार, केस**

**कैथल।** सीएम फ्लाइंग, खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार को जींद रोड पर शिव शक्ति मिष्ठान भंडार की फैक्टरी ने छापेमारी की। जांच के दौरान 175 क्विंटल घटिया क्वालिटी का मिलावटी माल बरामद किया गया। इसमें रसगुल्ले, चमचम और खोया जैसे उत्पादों में मक्खियां मरी पड़ी मिलीं। फैक्टरी मालिक और कर्मचारी टीम को देखकर मौके से फरार हो गए। टीम द्वारा 175 क्विंटल माल जब्त किया है और मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। खाद्य सुरक्षा विभाग के इंस्पेक्टर पवन चहल ने बताया कि फैक्ट्री में न्यूनतम स्वच्छता मानकों का पालन नहीं हो रहा था। मिलावटखोरों द्वारा यह स्थान इसलिए चुना गया ताकि किसी को इसकी भनक न लगे। यहां पर साफ-सफाई का नामोनिशान नहीं।



## नारनौल में स्कूल बस सड़क से नीचे उतरी, 40 बच्चे सवार थे, बाल-बाल बचे

**बाइक को बचाने के चक्कर में हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी क्षेत्र के तुलाराम चौक के नजदीक मोहनपुर-निजामपुर बाईपास पर शुक्रवार दोपहर बाद एक बड़ा हादसा होते टल गया। यहां बच्चों से भरी एक निजी स्कूल बस बेकाबू होकर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे खड्डे में उतर गई। घटना के समय बस में 40 से अधिक छात्र सवार थे, जो स्कूल से वापस घर जा रहे थे।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांव मोहनपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक अचानक बस की तरफ आ गई। चालक ने टक्कर से बचने के लिए तुरंत स्टीयरिंग मोड़ दी, जिससे बस सड़क से उतरकर खड्डे में चली गई। हालांकि बस पलटी नहीं और चालक की सूझबूझ के कारण एक बड़ा हादसा टल गया।घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग और राहगीर तुरंत पहुंचे और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। बस में सवार कुछ बच्चों को हल्का झटका जरूर लगा, लेकिन किसी को गंभीर चोट नहीं आई।सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। बस को लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। आए दिन तेज रफ्तार वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

**पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोपों में पकड़ी गई थी यू-ट्यूबर**

## हिसारः ज्योति मल्होत्रा की जमानत पर सुनवाई टली

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका पर अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई टाल दी। संभावना जताई जा रही है कि अब शनिवार को इस मामले में फैसला आ सकता है। शनिवार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. परमिंदर कौर की अदालत में केस की सुनवाई होगी और ट्रायल भी अब इसी कोर्ट में चलेगा। इससे पहले ज्योति का केस अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गगनदीप मित्तल की कोर्ट में ट्रांसफर हुआ था और 19 नवंबर को अगली सुनवाई के डेट निर्धारित की थी। शुक्रवार को जब जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी।




**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | नगर पालिका महम में स्थित सार्वजनिक 3 आकांक्षी शौचालय की वॉशिंग, क्लीनिंग इत्यादि समेत रखरखाव, देखभाल। | 16.10.2025 27.10.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39614/I/88/6 दि. 17.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | एसडीओ (ओपी) एस/डिवी. यूएचबीवीएन, सांपला के तहत एस/ऑफिस छारा के लिए पीछे की साइड से खुली एक अदद महिन्द्रा टाटा, फोर्स के प्रावधान हेतु। | खुलने बंद होने की तिथि 17.11.2025 | ईएमडी 6000/- | www.uhbvn.org.in NIT No-7/SJ-2/RTK/2025-26dated: 17.11.2025 | 8607878766 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39610/I/88/6 दि. 17.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी, रोहतक | चरखी दादरी में एनजीएम में एक अदद नये कवर्ड शैड (9 बेज 24 एम चौड़ा) में विद्युतीकरण का प्रावधान + 1 कार्य। | 16.10.2025 24.10.2025 | रु. 23,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39609/I/88/6 दि. 17.10.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 24/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन घरौंडा में प्रथम एच-पोल्स के तहत पेवर ब्लॉक्स का प्रावधान, बंद होने की तिथि 23.10.2025 खुलने की तिथि 24.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 [illegible] |
| 2 | यूएचबीवीएन | 46/2025-26/HEWP | राजीव गांधी विद्युत सदन, सेक्टर-12, करनाल में क्रेचे का प्रावधान। बंद होने की तिथि 23.10.2025 खुलने की तिथि 24.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 [illegible] |
| 3 | यूएचबीवीएन | 50/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन, 132 केवी सब स्टेशन अमिन, (कुरुक्षेत्र), बादसों और किरमच (करनाल) में प्रथम एच-पोल्स के नीचे इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक का प्रावधान। बंद होने की तिथि 23.10.2025 खुलने की तिथि 24.10.2025 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/39595/I/88/6 दि. 17.10.25


**बवानीखेड़ाः परिवार बोला- विवाद के बाद कुचलकर मारा**

## डीजे बजाने को लेकर झगड़ा, एक की मौत

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के अंतर्गत आने वाले गांव सुई में गत सांय जलवा पूजन में डीजे के गाने बदलने पर हुए विवाद में एक 30 वर्षीय युवक की डीजे की गाड़ी के नीचे कुचलने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों की लिखित शिकायत पर दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान 30 वर्षीय सुई निवासी राजेश के रूप में हुई है। पुलिस में दी गई शिकायत में मृतक के चचेरे भाई जोगेन्द्र ने बताया कि जलवा पूजन में डीजे के गाने बदलने को लेकर उसके चचेरे भाई को गाड़ी के नीचे कुचल दिया। पुलिस ने मृतक के भाई के ब्यान पर दो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### जींद में पुलिस ने मारा छापा, 539 किलो बम, पटाखे बरामद, मामला दर्ज

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने उचाना मंडी में एक दुकान तथा गोदाम पर छापेमारी कर 539 किलो 67 ग्राम बम, पटाखे बरामद किए हैं। उचाना थाना पुलिस ने दुकानदार के खिलाफ एक्सपलोसिव एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि उचाना मंडी में दुकानदार कृष्ण अपनी दुकान पर बम, पटाखों का बेचने के उद्देश्य से भंडारण किया हुआ है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कृष्ण की दुकान पर छापेमारी की तो वहां पर 107 किलोग्राम बम, पटाखे बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस ने कृष्ण के गोदाम पर छापेमारी की तो वहां पर भी 432 किलो सात ग्राम बम, पटाखे बरामद हुए।

### रेवाड़ीः 25 क्विंटल पटाखों के साथ काबू

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने मंदोला में एक गोदाम पर छापा मारकर पटाखों की अवैध बिक्री करने के आरोप में गोदाम मालिक को गिरफ्तार कर लिया। गोदाम से लगभग 25 क्विंटल पटाखे व आतिशबाजी का अन्य सामान बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है

## किरयाणा, सुपारी व्यापारियों से एक करोड़ 21 लाख की ठगी

**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वाराणसी के एक व्यापारी व उसके कुछ साथियों के साथ बहादुरगढ़ में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दो शातिर सप्लायरों ने उनको एक करोड़ 21 लाख की चपत लगा दी। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वाराणसी यूपी के जोगेंद्र ने कहा है कि उसका किरयाणा व सुपारी आदि का व्यापार है। जगन्नाथ ट्रेडर्स के नाम से कंपनी खोली है। कंपनी का एक आफिस बहादुरगढ़ के मॉडल टाउन में है। बहादुरगढ़ स्थित आफिस पर उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी मनीष व तुषार से हुई थी। तब से दोनों एडवांस पेमेंट लेकर सुपारी व किरयाणा का सामान सप्लाई करते थे। मेरे साथ अन्य व्यापारी राकेश, नरेश, हरिओम शर्मा, हरिदर्शन आदि की बहादुरगढ़ आफिस में आरोपियों संग डील हुई। इसकी एवज में हमने दोनों को 18 लाख 69 हजार 400 रुपये एडवांस दिए। फिर 12 जुलाई को मैंने व मेरे व्यापारी भाइयों ने एक करोड़ दो लाख 30 हजार 600 रुपये दे दिए। इसके बाद 14 जुलाई को हमने संपर्क करने की कोशिश की तो पता चला कि दोनों ने हमारी पेमेंट अपने परिचितों को ट्रांसफर कर दी। हमें धोखा दिया और बार बार आश्वासन देते रहे। लेकिन उन्होंने न तो सामान दिया और न ही रुपये लौटाए। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**मौसम** जल्दी आ रही सर्दी, अक्टूबर में ही रात का पारा 16.2 डिग्री

## पहाड़ों में भारी बर्फबारी, मैदानी इलाकों में रात का पारा सामान्य से नीचे लुढ़का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा जो 0.7 डिग्री घटकर सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस कम रहा। पांच साल पहले अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस आ गया था। अब दूसरे पखवाड़े में ही तापमान 16 डिग्री तक आ गया है। धान कटाई के बाद से पराली जलाने का सिलसिला शुरू होने से शहर में प्रदूषण भी बढने लगा है।बढ़ा है। एक्यूआई 170 पर पहुंच गया है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार अक्टूबर माह में ठंड पिछले कुछ सालों की बजाय ठीक है। पहले व दूसरे पखवाड़े में लगातार रात का पारा सामान्य से नीचे चल रहा है। दूसरे पखवाड़े में तो दिन का तापमान लगातार सामान्य से नीचे चल रहा है। इस साल अक्टूबर महीने में ही सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस होने लगी है। वर्तमान परिदृश्य में किसी भी मौसम प्रणाली का असर नहीं होने से और सुबह से शाम धूप खिली रहने से और साथ ही दिन के समय पश्चिमी हवाएं का जोर रहने से तापमान में हल्की बढ़त जबकि रात्रि के समय हवाएं उत्तरी होने से रात्रि तापमान में लगातार गिरावट जारी है। पिछले 5 सालों में यह पहला मौका है कि अक्टूबर के पहले सप्ताह ही एसी चलना बंद हो गए और गीजर ऑन होने लगे। यह मौसम स्वास्थ्य के लिए बेहतर बताया जा रहा है।

### लानिनो से हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड की संभावना!

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि अक्टूबर के पहले सप्ताह में आए सशक्त पश्चिमी विक्षोभ की वजह से उत्तरी हिमालय पर्वत की चोटियों पर भारी बर्फबारी हुई। इसकी वजह से हिमालय पर तापमान 2 से 3 डिग्री कम बना हुआ है। अच्छी बात है कि इस साल समय से पहले लगभग दो महीने पहले भारी बर्फबारी से हिमालय पर्वत की चोटियां बर्फ से ढकी हुई है जिसकी वजह से फिलहाल बर्फ पिघल नहीं रही है। जिसके कारण मैदानी इलाकों में दिन व रात का पारा सामान्य से नीचे चल रहा है। दिसम्बर महीने से लानिनो की परिस्थितियों से हाड़ कंपा देने वाली कड़ाके की ठंड की संभावना बन रही है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में लाम्बा स्कूल से घासवा तक कि.मी. 0.00 से 1.50 कि.मी. तक रोड का निर्माण (घासवा एपी फीडर एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 15.10.2025 27.10.2025 | 3.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में जीजेयू हिसार के निकट ऑटो मार्केट जंक्शन में स्लिप रोड्स के निर्माण द्वारा टी-जंक्शन का सुधार (रोड आईडी 11549) (बरवाला चुंगी से फायर बिग्रेड ऑफिस और बरवाला चुंगी से पटेल भवन से फेज-II आटो मार्केट गेट नं.II, हिसार तक एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान)। | 15.10.2025 24.10.2025 | 43.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प कुरूक्षेत्र | कुरूक्षेत्र जिले में गांव सलपानी में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का निर्माण (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX स्कीम के तहत) + 1 कार्य। | 15.10.2025 23.10.2025 | 51.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1744297271 pwd-eepd2-kurukshetra@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में छाछरौली में राजकीय महाविद्यालय की विशेष मरम्मत। | 16.10.2025 23.10.2025 | 58.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd- yamunanagar@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | स्टोर में विभिन्न प्रकार के बेयरिंग की आवश्यकता और 2 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 24.10.2025 | 3.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 6 | जिला परिषद, पानीपत | गांव डडलाना ब्लॉक पानीपत में ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का निर्माण। | 15.10.2025 24.10.2025 | 41.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467600003 xenzilaparishadpanipat@gmail.com |
| 7 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में। | 24.10.2025 10.11.2025 | ईएमडी 1.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 8 | पंचायती राज, राजौंद | गांव कसान में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण। | 16.10.2025 23.10.2025 | 6.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, कैथल | गुलियाना में रामेश्वर तालाब का पुनरोद्धार। | 16.10.2025 23.10.2025 | 37.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812056051 kuldeepsinghgautam@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन, नारनौल | लि टीबी केन्द्र, नारनौल में टीबी रोगियों के लिए पोषण सहायता की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 17.10.2025 03.11.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015076700 dhs.csmhn@hry.nic.in |
| 11 | सूचना प्रौद्योगिकी इलैक्ट्रोनिक्स एवं कम्यूनिकेशन विभाग सचिवालय, हरियाणा (सीआरआईडी) | एचक्यू और 3 महत्वपूर्ण भवनों (राज भवन, हरियाणा भवन, नई दिल्ली और राजकीय अतिथि गृह चाणक्यपुरी में 2 सचिवालय भवनों में स्ट्रक्चर्ड लोकल एरिया नेटवर्क की आपूर्ति, स्थापना, कन्फिग्रेशन, परीक्षण और प्रचालन)। | 15.10.2025 17.11.2025 | 13.27 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 munishchandan.crid@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/220/39584/I/88/6 दि. 17.10.25

अयोध्या में वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी

शनिवार को धनतेरस के साथ ही दीपावली पर्व का हो रहा शुभारंभ

# सरयू घाट पर आज 2100 आर्चकों की सामूहिक आरती से गूंजेगी रामनगरी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या इस दीपोत्सव पर एक ऐतिहासिक पल की गवाह बनने जा रही है। सरयू घाट पर शनिवार को 2100 आर्चक एक साथ दीप जलाकर भव्य आरती करेंगे। यह आयोजन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम शुक्रवार को अयोध्या पहुंची और पूरे कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी आर्चकों को रिकॉर्ड के मानकों के अनुसार विशेष प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में एक समान वेशभूषा, सामूहिक तालमेल और आरती की एकरूपता बनाए रखने पर खास ध्यान दिया गया। रिहर्सल के दौरान सरयू घाट पर अनुशासन, श्रद्धा और भव्यता का अनोखा संगम देखने को मिला। आयोजन की अगुवाई निश्चल बारोट कर रहे हैं जो इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं।



**गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम अयोध्या पहुंची :** इस विश्व रिकॉर्ड का उद्देश्य अयोध्या की आध्यात्मिक महिमा को वैश्विक मंच पर स्थापित करना है। आयोजन स्थल पर हजारों श्रद्धालु इस अद्भुत क्षण के साक्षी बनेंगे। दीपोत्सव के इस आयोजन से अयोध्या एक बार फिर विश्व मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने को तैयार है।

## राम मंदिर पूरी तरह से खुलेगा 25 को

श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण अपने आखिरी चरण पर पहुंच चुका है। और अब इसके भव्य उद्घाटन की तारीख 25 नवंबर को तय की गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट ने इस बात की पुष्टि की है कि राम मंदिर का निर्माण करीबन पूरा हो चुका है और 25 नवंबर 2025 को ध्वज फहराने का भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में पीएम मोदी को भी आमंत्रित किया गया है। एएनआई के अनुसार, श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र का कहना है ''मंदिर परिसर में बनने वाला ऑडिटोरियम वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में पूरा हो जाएगा।' श्रद्धालु राम मंदिर के पूरा होने के बाद जाना चाहते हैं, तो पहले जान लें इस बार किस खूबसूरती के साथ धार्मिक स्थल को तैयार किया गया है।





### पहली मंजिल पर जाने की नहीं है अनुमति

इस समय पहली मंजिल पर जाने की अनुमति नहीं है, ताकि उसकी पवित्रता बनी रहे। हालांकि, जो तस्वीरें जारी की गई हैं, उनमें एकदम चमकदार पत्थर, बारीक नक्काशी और सुंदर जड़ाई का काम दिखाई देता है, जिसमें भारत की प्राचीन वास्तुकला की झलक दिखाई देती है। यहां की हर चीज चाहे छत हो या फर्श, बहुत सोच-समझकर बनाई गई है, ताकि यह जगह एक साथ भव्य भी लगे और शांत, ध्यान लगाने योग्य भी महसूस हो।

**खबर संक्षेप**

### कांग्रेस की भाजपा से मांग, विद्यार्थी परिषद पर प्रतिबंध लगाओ

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** कांग्रेस ने कई हालिया घटनाओं का हवाला देते हुए आरएसएस-एबीवीपी को विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में प्रतिबंधित करने की मांग की है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा और एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण चौधरी ने मध्य प्रदेश के मंदसौर स्थित सरकारी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और अन्य घटनाओं में आरएसएस-एबीवीपी की संलिप्तता को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की चुप्पी पर भी निशाना साधा। लांबा ने मध्य प्रदेश के मंदसौर के एक सरकारी कॉलेज से सामने आई शर्मनाक घटना का जिक्र करते हुए भाजपा के नारे 'बेटी बचाओ' पर तंज कसा। उन्होंने बताया कि एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कपड़े बदल रही छात्राओं का एबीवीपी के चार छात्र नेताओं ने मोबाइल से वीडियो बनाया।

24 सितम्बर को उपद्रव के दौरान पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी थी

# लेह हिंसा में 4 मौतों की न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज होंगे प्रमुख

*जांच में दो अन्य अधिकारी भी सहयोग करेंगे। मोहन सिंह परिहार, न्यायिक सचिव नियुक्त*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लेह शहर में 24 सितम्बर को हुई गंभीर कानून-व्यवस्था की स्थिति और पुलिस कार्रवाई में चार लोगों की मौत के मामले की जांच अब सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश से कराई जाएगी। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है। गृह मंत्रालय के अनुसार, 24 सितम्बर को लेह में हुए उपद्रव के दौरान पुलिस कार्रवाई करनी पड़ी, जिसमें दुर्भाग्यवश चार व्यक्तियों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर लेह थाना में प्राथमिकी (एफआईआर संख्या 144/2025) दर्ज की गई है। इस एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की विभिन्न धाराएँ लगाई गई हैं, जिनमें धारा 189, 190, 191(2), 191(3), 115(2), 118(1), 118(2), 326, 324, 326(e), 326(t), 326(g), 309, 109, 117(2), 125, 121(1), 61(2) आदि शामिल हैं।

### जांच यह स्पष्ट करेगी कि किन परिस्थितियों में लेह में हिंसा भड़की



गृह मंत्रालय ने कहा है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश डॉ. न्यायमूर्ति बी. एस. चौहान को न्यायिक जांच का जिम्मा सौंपा गया है। उनके साथ जांच में दो अन्य अधिकारी भी सहयोग करेंगे। मोहन सिंह परिहार, पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिन्हें न्यायिक सचिव नियुक्त किया गया है। तुषार आनंद, आईएएस, जिन्हें प्रशासनिक सचिव की भूमिका दी गई है। गृह मंत्रालय ने लद्दाख के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि न्यायिक जांच के सुचारु संचालन हेतु सभी प्रशासनिक और लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, लद्दाख पुलिस महानिदेशक को भी जांच से संबंधित सहयोग करने के लिए कहा गया है। यह जांच यह स्पष्ट करेगी कि किन परिस्थितियों में लेह में हिंसा भड़की, पुलिस कार्रवाई क्यों और किस प्रकार हुई तथा चार निर्दोष व्यक्तियों की मौत किन कारणों से हुई।

### आईबी की पवित्रता बनाए रखने के लिए जरूरी कदम उठाए बांग्लादेश

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** इस सप्ताह बुधवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर त्रिपुरा में हुई तीन बांग्लादेशी तस्करों की मौत के मामले पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह घटना स्पष्ट करती है कि आईबी की पवित्रता को बनाए रखने के लिए बांग्लादेश को जरूरी कदम उठाने चाहिए। साथ ही सीमा-पार अपराधों और तस्करी को रोकने के लिए जहां कहीं पर भी जरूरी हो वहां सीमा पर बाड़ (फैंस) लगाने में भारत को सहयोग करे। गौरतलब है कि पूर्व में युवाओं के उग्र आंदोलन के साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज हुई मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के गठन के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तनातनी बनी हुई है। दरअसल, यह पूरा मामला बीते 15 अक्टूबर का है। जहां त्रिपुरा की सीमा से करीब 3 किलोमीटर अंदर भारतीय भूभाग में तीन बांग्लादेशी तस्करों की मौत हो गई। ये लोग बांग्लादेश की सीमा को पार करके भारत के सीमाई राज्य त्रिपुरा के बिडयाबिल गांव के जानवरों को चुराने की कोशिश में थे।

सीबीआई ने की छापेमारी

## एनएचआईडीसीएल के कार्यकारी निदेशक के ठिकानों से करोड़ों मिले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने नेशनल हाईवेज़ एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यकारी निदेशक एवं क्षेत्रीय अधिकारी मैसनम रितेन कुमार सिंह के कार्यालय और आवासीय परिसरों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई उस समय हुई जब सीबीआई ने 14 उन्हें 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। सीबीआई की तलाशी गुवाहाटी, गाज़ियाबाद और इम्फाल स्थित परिसरों पर की गई, जिसमें भारी मात्रा में नकदी, दस्तावेज़ और लग्ज़री वस्तुएं बरामद हुईं। बरामदगी में शामिल हैं। छापेमारी में 2.62 करोड़ रुपए नकद के साथ दिल्ली-एनसीआर में 9 प्रीमियम अपार्टमेंट, 1 प्रीमियम ऑफिस स्पेस और 3 आवासीय प्लॉट से जुड़े निवेश दस्तावेज़ मिले। इसके अलावा बेंगलुरु में 1 प्रीमियम अपार्टमेंट और 1 आवासीय प्लॉट से जुड़े दस्तावेज़, गुवाहाटी में 4 प्रीमियम अपार्टमेंट और 2 आवासीय प्लॉट के दस्तावेज़, इम्फाल (पश्चिम) में 2 होमस्टेड प्लॉट और 1 कृषि भूमि के कागज़ात सीबीआई ने जब्त किए।



### 2 लक्ज़री कीमती घड़ियां भी मिली

आधा दर्जन लग्ज़री वाहनों 6 के स्वामित्व के पेपर्स और कई तरह के निवेश दस्तावेज़ भी जब्त किए गए। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया 2 लक्ज़री कीमती घड़ियां, 100 ग्राम की सिल्वर बार भी छापे के दौरान मिला। सीबीआई ने कहा है कि इन संपत्तियों की वास्तविक कीमत ज़मीन पर काफ़ी अधिक है, जबकि दस्तावेज़ों में इनका मूल्यांकन कम दिखाया गया है। अब सभी संपत्तियों का सत्यापन और जांच की जा रही है। सूचना के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।











# एनडीए में सीएम फेस पर अब भी सवाल तो महागठबंधन के टिके रहने पर ही प्रश्नचिन्ह

### प्रदेश में नेतृत्व के सवाल पर एक इंटरव्यू में बोले केंद्रीय गृहमंत्री शाह

## चुनाव के बाद गठबंधन मिलकर तय करेगा मुख्यमंत्री का चेहरा, सीएम नीतीश के नाम पर लड़ रहे चुनाव

हरिभूमि ब्यूरो/एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एनडीए में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? यह अब तक तय नहीं हुआ है। गृह मंत्री अमित शाह के बयान के बाद यह बात साफ हो गई है। शाह से एक इंटरव्यू में जब सवाल किया गया कि अगर बिहार चुनाव में एनडीए जीतता है तो क्या आप नीतीश कुमार बनाएंगे? तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि मैं भला कौन होता हूं किसी को मुख्यमंत्री बनाने वाला। इतनी सारी पार्टियों का गठबंधन है। बिहार चुनाव के बाद जब सभी दल एकजुट होंगे विधायक दल के नेता बैठेंगे तो अपना नेता तय कर लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहा है। नीतीश कुमार पर न सिर्फ भाजपा बल्कि बिहार की जनता को भी पूरा भरोसा है।

### कांग्रेस के राज में आतंकवादी खेलते थे खून की होली



शाह ने कहा कि मुझे बताइए, कश्मीर हमारा है या नहीं? जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटना चाहिए था या नहीं? पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा। कांग्रेस के राज में आतंकवादी खून की होली खेलते थे।

### शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट दें तो क्या बिहार सुरक्षित रहेगा?

शाह ने राष्ट्रीय जनता दल के टिकट बटवारे को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने शहाबुद्दीन के बेटे को लेकर कहा है कि आरजेडी शहाबुद्दीन के बेटे को चुनाव का टिकट दे तो बिहार सुरक्षित नहीं रह सकता है। सारण में एक जन सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा ने राजद पर निशाना साधा है।

### चुनाव से पहले तय हो जाना चाहिए था चेहराः मांझी

एनडीए गठबंधन के घटक दल के प्रमुख केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी ने कहा कि शाह एनडीए के प्रमुख नेताओं में आते हैं। उन्होंने कहा है कि उस बात को आधिकारिक ही माना जाएगा। लेकिन, मुझे लगता है कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का नाम तय हो जाना चाहिए था। ऐसे में कोई दुविधा नहीं रहती।

रविशंकर ने लालू पर निशाना

### नीतीश ईमानदार हैं, आरजेडी परिवारवाद की कुंठा से ग्रसित



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने लालू यादव के भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने कहा कि लालू के राज में कोई उनके खिलाफ बोल नहीं सकता था। स्थानीय पत्रकार भी उनके खिलाफ नहीं बोलते थे। नीतीश कुमार ईमानदार हैं, यह सबको स्वीकार करना होगा। लालू यादव और मुलायम सिंह पर परिवारवाद के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि समाजिक न्याय की राजनीति परिवारवाद की कुंठा से ग्रसित हो गई है।

### फडणवीस बोले- यहां एनडीए की हवा चल रही



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बिहार विधानसभा चुनाव पर कहा कि चाहें वो बेगूसराय हो या पूरा बिहार हो, यहां तो एनडीए की हवा चल रही है। एनडी के साथ लोग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर बिहार में सबसे ज्यादा प्यार भी रहा है और हमेशा बिहार ने उन पर अपना अधिकार भी जताया है।

### शंका हुई तो बूथ पर बुर्का उठाकर देखा जाएगाः गिरिराज



केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि हमें शंका होगा तो हम बुर्का उठवाएंगे। देश का संवैधानिक स्तर अभी नहीं गिरा है और देश संविधान से चलता है। चुनाव संविधान के तहत होता है, संविधान ने अधिकार दिया है कि अगर शंका होगी तो राजनीतिक दल का पोलिंग एजेंट बुर्का उठाबाएगा। सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नेपो बॉय और ललबबुआ कहा।

### वह महागठबंधन नहीं महाठगबंधन बना राजीव रंजन बोले



केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन नहीं बल्कि "महा ठग बंधन" है, जहां सीटों का बंटवारा गुपचुप तरीके से किया जा रहा है। एनडीए में पांचों पार्टियों के बीच आपसी सामंजस्य है।



### महागठबंधन टूटने के कगार पर

## कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ तेजस्वी ने उतारे कैंडिडेट, अब तक सीटें तय नहीं

चुनावमें महागठबंधन के 'एकजुटता' के दावों को बड़ा झटका लगा है। आरजेडी ने चौंकाने वाला फैसला लेते हुए बाहुबली नेता मुन्ना शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला को लालगंज विधानसभा सीट से चुनावी सिंबल दिया है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसी सीट से महागठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस ने पहले ही आदित्य कुमार राजा को अपना प्रत्याशी घोषित कर रखा है।

### टिकट बंटवारे पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने फोड़ा 'बम'

चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में टिकट बंटवारे को लेकर सिरफुटव्वल है। पार्टी के दिग्गज नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कटिहार से वर्तमान सांसद तारिक अनवर ने सार्वजनिक रूप से पार्टी नेतृत्व के फैसलों पर बड़ा सवाल उठाया है।उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं कि जीतने वाले मजबूत उम्मीदवारों को नजरअंदाज किया गया है।

### पीआईपी की डील

#### सहनी नहीं लड़ेंगे चुनाव, 15 सीट के अलावा मिला खास ऑफर

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के करीबी और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी की डील अंततः फाइनल हो गई है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने उन्हें महागठबंधन में उचित सम्मान का भरोसा दिलाया। साथ ही उनके खाते में 15 सीटें दी है। सहनी को राज्यसभा और विकासशील इंसान पार्टी के दो लोगों को विधान परिषद भेजा जाएगा।

#### तेजस्वी पर 22 केस और बेटी के नाम 3 एफडी

राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने राघोपुर सीट से अपना नामांकन दाखिल किय। उन्होंने हलफनामे में अपने खिलाफ दर्ज कुल 22 मुकदमों की जानकारी दी। तेजस्वी ने बताया कि उनके पास 6.12 करोड़ की चल संपत्ति और 1.88 करोड़ की अचल संपत्ति है। उनकी कुल आय वर्ष 2024-25 में 11,46,610 थी। तेजस्वी के पास 10 बैंक खाते हैं।

### डॉ. प्रेम कुमार ने गयाजी नगर से किया नामांकन

भाजपा के कद्दावर नेता और बिहार सरकार के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने गयाजी नगर विधानसभा सीट से नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और सांसद अनिल सिसोदिया मौजूद रहे।

### लोकप्रिय गायिका मैथिली ने भरा परचा

लोकप्रिय गायिका मैथिली ठाकुर ने अलीनगर विधानसभा से अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया है। वहीं, भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव छपरा से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे हैं।

### नामांकन से पहले रोने लगे खेसारीलाल

भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव ने भी छपरा से बतौर आरजेडी उम्मीदवार अपना नामांकन किया। इस मौके पर वह बेहद भावुक दिखे। बतौर उम्मीदवार ये उनका पहला चुनाव है।

### यूट्यूबर मनीष कश्यप को भी मिला टिकट

मनीष कश्यप उर्फ त्रिपुरारी कुमार तिवारी को जनसुराज पार्टी ने चनपटिया से उम्मीदवार बनाया है। कश्यप ने कहा कि जनसुराज पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा दिखाय है पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर का धन्यवाद करता हूं।

### जन सुराज के अखिलेश अचानक गायब

दानापुर विधानसभा क्षेत्र से जन सुराज के प्रत्याशी अखिलेश कुमार के अचानक गायब हो जाने की खबर है। उन्हें अगवा किए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। अखिलेश चुनाव के लिए समर्थकों के साथ नामांकन करने से पहले मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे थे।

### तेजस्वी के समर्थकों ने पप्पू यादव को खदेड़ा

तेजस्वी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे पप्पू यादव को आरजेडी उम्मीदवार के समर्थकों ने खदेड़ दिया। पप्पू यादव लालगंज से कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन में शामिल होने आए थे।

---

## खबर संक्षेप

### केरल हिजाब विवाद में छात्रा ने छोड़ा स्कूल



**कोच्चि।** केरल के कोच्चि स्थित एक स्कूल में छात्रा को हिजाब पहनने की अनुमति नहीं देने का विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि अब छात्रा ने स्कूल छोड़ने का फैसला किया है। शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने स्कूल से छात्रा के हिजाब पहनने के अधिकार का सम्मान करने की बात कही थी। अब शिक्षा मंत्री ने कहा स्कूल सरकार के प्रति जवाबदेह है।

### 11 मंत्रालयों के मंत्रियों के साथ शिवराज करेंगे बैठक



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'दलहन आत्मनिर्भरता मिशन' और 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री 11 मंत्रालयों के मंत्रियों के साथ जल्द ही बैठक करेंगे।

### राहुल ने हरिओम के परिवार से की मुलाकात



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली में मॉब लिंचिंग में जान गंवाने वाले हरिओम वाल्मीकि के परिवार से मुलाकात कर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को घर में बंद कर रखा है और उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है।

### गुजरात में 2 बसों की टक्कर, 2 ने तोड़ा दम



**नई दिल्ली।** गुजरात के पारडी बाईपास पर शुक्रवार सुबह भीषण हादसा हो गया। यहां 2 बसों की टक्कर में 2महिलाओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। गोधरा सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि बसों की टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई, वहीं 5गंभीर रूप से घायल हैं।

---

### श्रीलंका की पीएम डॉ. अमरसूर्या ने पीएम मोदी से की मुलाकात

## शिक्षा, नवाचार और मछुआरों के कल्याण सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को लेकर चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

*श्रीलंका घनिष्ठ पड़ोसी, नेबरहुड फर्स्ट नीति के लिए प्रतिबद्ध*

*उनकी यात्रा भारत-श्रीलंका संबंधों को नई गति प्रदान करेगी*

श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी अमरसूर्या ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि श्रीलंका की पीएम सुश्री हरिनी अमरसूर्या का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। हमारी चर्चाओं में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, नवाचार, विकास सहयोग और हमारे मछुआरों के कल्याण सहित कई व्यापक क्षेत्रों पर चर्चा हुई। घनिष्ठ पड़ोसी होने के नाते, हमारा सहयोग हमारे दोनों देशों की जनता और साझा क्षेत्र की समृद्धि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा ऐतिहासिक और बहुआयामी भारत-श्रीलंका संबंधों को नई गति प्रदान करेगी।

### साझा विकास यात्रा में साथ मिलकर काम करेंगे दोनों देश



दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार विकास सहयोग और मछुआरों के कल्याण सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने भारत और श्रीलंका के बीच विशेष संबंधों पर प्रकाश डालते हुए दोनों देशों की साझा विकास यात्रा में साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पीएम मोदी ने इस वर्ष अप्रैल में अपनी श्रीलंका यात्रा का स्मरण किया। यात्रा के दौरान उन्होंने श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ सहयोग के सभी क्षेत्रों पर उपयोगी चर्चा की थी। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति दिसानायका को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे उनके साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के लिए उत्सुक हैं।

### परिवर्तनकारी पहलों पर सहयोग करने की जताई इच्छा

*अपनी यात्रा के दौरान श्रीलंका की पीएम ने दोनों देशों के बीच गहन सहयोग को बढ़ावा देने और इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, पर्यटन, स्किल डेवलपमेंट और एआई के क्षेत्रों में भारत की परिवर्तनकारी पहलों पर सहयोग करने की इच्छा जताई। उन्होंने भारत और श्रीलंका के रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने, सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय चुनौतियों व अवसरों का समाधान करने के लिए इनोवेशन और स्किल का लाभ उठाने के साझा दृष्टिकोण को रेखांकित किया। दोनों पक्षों ने नेबरहुड फर्स्ट और महासागर फ्रेमवर्क के अंतर्गत नॉलेज-बेस्ड, टेक्नोलॉजी ड्रिवन और पीपल-सेंट्रिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।*

### पीएम अमरसूर्या ने नीति आयोग का किया दौरा : भारत की प्रगतिशील पहलों को जाना

श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी नीरेका अमरसूर्या ने नई दिल्ली में नीति आयोग का दौरा किया, जहां उन्होंने भारत की प्रगतिशील पहलों को जानने और दोनों देशों के बीच सहयोग को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। पीएम अमरसूर्या ने नीति आयोग की पॉलिसी थिंक टैंक और कॉर्डिनेशन प्लेटफॉर्म के रूप में भूमिका की सराहना की, विशेष रूप से इसके लॉन्ग-टर्म पॉलिसी डिजाइन को जमीनी स्तर पर लागू करने की क्षमता को रेखांकित किया। अमरसूर्या ने नीति आयोग के केंद्रीय मंत्रालयों और राज्यों के साथ मिलकर काम करने के तरीके को समझने में अपनी रुचि व्यक्त की, जिसमें विश्लेषण, साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण और नागरिकों से प्राप्त फीडबैक को प्रभावी शासन से जोड़ना शामिल था।



### श्रीलंका भी में नीति आयोग जैसे संस्थान की आवश्यकता

पीएम अमरसूर्या ने श्रीलंका की सुधार यात्रा और ऐसे संस्थानों की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला जो नीतिगत सुसंगतता, साक्ष्य-आधारित निर्णयों और राजनीतिक चक्रों से परे निरंतरता को बढ़ावा दें। नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी द्वारा संचालित चर्चाओं में भारत की वर्तमान पहलों जैसे मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग के लिए पीएम गति शक्ति, समग्र और समावेशी शिक्षा के लिए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में सहयोगात्मक अवसर और एआई, डिजिटल शासन सहित अग्रणी टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई।

---

### सुप्रीम कोर्ट का ट्रांसजेंडर पर फैसला

## महिला शिक्षक को मुआवजा दें लैंगिक पहचान से गई थी नौकरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ट्रांसजेंडर महिला शिक्षक को मुआवजा देने का आदेश दिया है। ट्रांसजेंडर महिला शिक्षक को उसकी लैंगिक पहचान के चलते उत्तर प्रदेश और गुजरात के दो निजी स्कूलों द्वारा नौकरी से निकाल दिया गया था। जस्टिस जेबी पारदीवाला, की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह फैसला ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व जज जस्टिस आशा मेनन के नेतृत्व में एक समिति भी गठित की है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने जेन कौशिक बनाम भारत सरकार मामले में सरकार की तरफ से नीति बनाए जाने तक ट्रांसजेंडरों के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।

### समान अवसर व समावेशी चिकित्सा देखेगी समिति

यह समिति समान अवसर, समावेशी चिकित्सा देखभाल, लैंगिक विविधता और लैंगिक असमानता जैसे मुद्दों पर विचार करेगी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने जेन कौशिक द्वारा दायर एक रिट याचिका पर यह फैसला सुनाया। जेन कौशिक को उनकी ट्रांसजेंडर पहचान के कारण दो निजी स्कूलों की सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। जस्टिस पारदीवाला ने कहा, 'जब तक सरकार कोई नीति दस्तावेज जारी नहीं करती, तब तक हमने दिशानिर्देश तैयार कर लिए हैं। अगर किसी प्रतिष्ठान के पास दिशानिर्देश नहीं हैं, तो हमने निर्धारित किया है कि केंद्र सरकार द्वारा नीति जारी होने तक आप इन

### अमेरिकी सिंगर मैरी मिल्बेन का राहुल गांधी पर तीखा वार, पीएम बनने की आप में नहीं क्षमता

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पहली बार सात समंदर पार से तीखा विरोध झेलना पड़ा है। हुआ यूँ की जैसे हो राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से पीएम मोदी डर गए ये पोस्ट किया तो राहुल गांधी के ख़िलाफ़ अमेरिकी सिंगर मैरी मिल्बेन ने राहुल पर अप्रत्याशित रूप से करारा हमला किया। उन्होंने राहुल गांधी को सलाह दिया की वे आई हेट इंडिया" के अपने कैंपेन पर वापिस लौट जायें। उनमें पीएम बनने की क्षमता नहीं है। उसके बाद सोशल मीडिया पर जबानी जंग छिड़ गई है। आमतौर पर राहुल गांधी के किसी पोस्ट पर भाजपा की ओर से जवाब दिया जाता है लेकिन पहली बार है जब ग़ैर भारतीय ने राहुल गांधी को भाजपा की शैली में सार्वजनिक रूप से उधेड़ा है।

---

### दिल्ली हाईकोर्ट का केंद्र को झटका

## वानखेड़े के प्रमोशन के मामले में छिपाए तथ्य, याचिका रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के पूर्व अधिकारी समीर वानखेड़े की पदोन्नति से जुड़े एक मामले में केंद्र सरकार को झटका देते हुए 20,000 का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि केंद्र ने अहम तथ्य छिपाए। जस्टिस नवीन चावला की अध्यक्षता वाली बेंच ने केंद्र सरकार की उस पुनर्विचार याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरणके वानखेड़े को पदोन्नति देने के आदेश की समीक्षा की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार की उस दलील को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि समीर वानखेड़े के खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच लंबित है और उन पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र के जरिए नौकरी हासिल करने का आरोप है।अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वानखेड़े न तो कभी निलंबित किए गए और न ही चार्जशीट दाखिल की गई है। कोर्ट ने पाया कि सरकार ने यह जानकारी छिपाई थी।

### केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी एसोचैम की बैठक में बोले

## भारत की लॉजिस्टिक्स लागत दिसंबर तक एकल अंक में होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**देशभर में तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों ने निभाई भूमिका**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट (परिवहन लागत) इस साल दिसंबर तक सिंगल डिजिट यानी 9 प्रतिशत तक आ जाएगी। उन्होंने बताया कि यह कमी देशभर में तेजी से बन रहे एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों की वजह से संभव हो पाई है। गडकरी एसोचैम वार्षिक सम्मेलन 2025 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि आईआईटी चेन्नई, आईआईटी कानपुर और आईआईएम बंगलूरू की एक संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार,भारत की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट पहले 16 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 10 प्रतिशत रह गई है। इससे भारत का उद्योग और निर्यात दोनों और ज्यादा प्रतिस्पर्धी बनेंगे। इससे हमारे उद्योग को 100 प्रतिशत फायदा होगा।

### भारत की प्रगति अमेरिका,यूरोप व चीन जैसी होगी



उन्होंने बताया कि लॉजिस्टिक्स कॉस्ट अमेरिका और यूरोप में करीब 12 प्रतिशत, जबकि चीन में 8-10 प्रतिशत के बीच है। ऐसे में भारत भी अब इन देशों के बराबर पहुंचने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### ऑटोमोबाइल सेक्टर को लेकर बड़ा लक्ष्य

गडकरी ने भारत के ऑटोमोबाइल सेक्टर को लेकर कहा कि 5साल में हमारा लक्ष्य है कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री दुनिया में नंबर 1 बने। जब उन्होंने मंत्रालय संभाला था, तब भारतीय ऑटो इंडस्ट्री का आकार 14 लाख करोड़ था, जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ हो गया है। यह सेक्टर आज 4 लाख युवाओं को रोजगार दे रहा है और केंद्र व राज्य सरकारों को सबसे ज्यादा जीएसटी भी यही उद्योग देता है।

### ईंधन आयात पर निर्भरता घटाने की जरूरत

गडकरी ने कहा कि भारत की फॉसिल फ्यूल (तेल और गैस) पर निर्भरता देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ डाल रही है। क्योंकि हर साल करीब 22 लाख करोड़ सिर्फ ईंधन आयात में खर्च होते हैं। इसके साथ ही यह पर्यावरण प्रदूषण का भी बड़ा कारण है। इसलिए अब देश के लिए क्लीन एनर्जी (स्वच्छ ऊर्जा) अपनाना बहुत जरूरी हो गया है।

### कृषि क्षेत्र को जीडीपी का इंजन बनाने की जरूरत

मंत्री ने कहा कि अगर भारत को तेजी से आगे बढ़ाना है, तो कृषि क्षेत्र पर ध्यान देना होगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने कॉर्न (मक्का) से बायो-इथेनॉल बनाने की अनुमति दी थी, जिससे किसानों की कमाई में भारी इजाफा हुआ है।


## खबर संक्षेप

### पाक आर्मी कैंप पर हमला, 7 की मौत



**वजीरिस्तान।** पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। पाक अधिकारियों ने दावा किया कि उनका कोई सैनिक नहीं मारा गया।

### पूर्व अमेरिकी एनएसए पर 18 मामलों में आरोप तय



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रहे जॉन बोल्टन पर गोपनीय जानकारी के गलत इस्तेमाल और लीक करने के आरोप में केस दर्ज हुआ है। बोल्टन पर राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी शेयर करने के 8 और गोपनीय दस्तावेज अपने पास रखने के 10 आरोप लगाए गए हैं। बोल्टन ने ट्रंप प्रशासन में काम करते वक्त अपनी गतिविधियों के नोट्स और डायरी एंट्रीज एओए ईमेल अकाउंट में सेव की थीं। इन नोट्स में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील बातें शामिल थीं।

### स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने भरी पहली उड़ान

# राजनाथ सिंह बोले- ये उड़ान, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल, गर्व हो रहा

*तेजस की तीसरी उत्पादन लाइन का किया उद्घाटन*

*भारत अपनी क्षमता का 65% विनिर्माण कर रहा*

एजेंसी ▶▶ नासिक

भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस एमके1ए ने शुक्रवार को अपनी पहली उड़ान भरी। भारत में लड़ाकू विमान निर्माण की दिशा में यह अहम पल रहा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के नासिक स्थित विमान निर्माण इकाई में यह उड़ान हुई। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने एलसीए एमके1ए की तीसरी उत्पादन लाइन और साथ ही एचटीटी-40 एयरक्राफ्ट की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन किया।

#### नासिक आस्था और भक्ति के साथ क्षमता का प्रतीक बना



इस मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा कि आज, एचएएल की तीसरी उत्पादन लाइन का उद्घाटन हो रहा है, जो एलसीए एमके1ए तेजस बनाती है, और एचटीटी 40 विमान की दूसरी उत्पादन लाइन है। मैं एचएएल में सभी को बधाई देता हूं। नासिक एक ऐतिहासिक भूमि है जहां भगवान शिव त्र्यंबक के रूप में निवास करते हैं। नासिक आस्था, भक्ति, आत्मनिर्भरता और क्षमता का प्रतीक बन गया है। यहां एचएएल देश की रक्षा ताकत का प्रतिनिधित्व करता है। जब मैंने आज सुखोई एसयू-30, एलसीए तेजस और एचटीटी-40 को उड़ान भरते देखा, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। ये उड़ान, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल है।

#### 4 साल में वायुसेना को 83 लड़ाकू विमान देने का लक्ष्य

*तेजस एमके1ए को वायुसेना में शामिल करने की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन एचएएल का कहना है कि आने वाले चार वर्षों में भारतीय वायुसेना को 83 तेजस मार्क1ए लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जाएगी। अमेरिकी इंजन की आपूर्ति में देरी की वजह से पहले ही देरी हो रही है। नासिक स्थित एचएएल की उत्पादन इकाई में हर साल 8 लड़ाकू विमानों का निर्माण करने की क्षमता है। इसके अलावा बेंगलुरु में तेजस की दो उत्पादन लाइन हैं, जहां हर साल 16 लड़ाकू विमान बनाए जा रहे हैं। इस तरह नासिक की प्रोडक्शन लाइन शुरू होने के बाद हर साल 24 लड़ाकू विमानों का निर्माण होगा।*

#### उन्नत विमान है नया तेजस

तेजस मार्क 1ए संस्करण एक उन्नत, बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है। यह स्वदेशी 4.5-पीढ़ी का विमान है, जो सभी मौसमों में काम करने के लिए विकसित किया गया है। ये लड़ाकू विमान उच्च-खतरे वाले हवाई वातावरण में तैनाती के लिए डिजाइन किए गए हैं। तेजस एमके-1ए में तेजस एके-1 संस्करण की तुलना में कई उन्नत सुविधाएं हैं। जिनमें इस्राइली **EL/M-2025 AESA** रडार, जैमर युक्त उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट और बियॉन्ड विजुअल रेंज (**BVR**) क्षमताएं शामिल हैं।

#### एचएएल मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहा

एचएएल ने भारत के लिए एक मजबूत स्तंभ के रूप में काम किया है। 60 से अधिक वर्षों से, एचएएल नासिक ने भारत की रक्षा निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है दूसरी ओर, यह विनाश का भी प्रतिनिधित्व करता है और इसमें शत्रुओं को समाप्त करने की शक्ति होती है।'

#### घरेलू विनिर्माण 100 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य

राजनाथ सिंह ने कहा कि एक समय था जब देश अपनी रक्षा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था और लगभग 65-70 प्रतिशत रक्षा उपकरण आयात किए जाते थे लेकिन आज, यह स्थिति बदल गई है, अब भारत 65 प्रतिशत विनिर्माण अपनी धरती पर कर रहा है। बहुत जल्द, हम अपने घरेलू विनिर्माण को भी 100 प्रतिशत तक ले जाएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 25 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जो कुछ साल पहले एक हजार करोड़ रुपए से भी कम था। हमने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में 3 लाख करोड़ रुपए और रक्षा निर्यात में 50 हजार करोड़ रुपए हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

### मिस्र के विदेश मंत्री भारत पहुंचे

## पीएम मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलती का दो दिवसीय भारत दौरे पर स्वागत किया गया। विदेश मंत्री के रूप में अब्देलती की यह पहली भारत यात्रा है। डॉ. अब्देलती ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले गुरुवार को उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की प्रथम भारत-मिस्र रणनीतिक वार्ता की। इस अवसर पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि यह वार्ता द्विपक्षीय संबंधों में एक मील का पत्थर है, जिसमें 2023 में रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक संबंधों के बेहतर होने के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में गहन सहयोग देखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारे राजनीतिक संपर्क और समन्वय बहुपक्षीय संबंधों सहित मजबूत और निरंतर रहे हैं। हमारे रक्षा और सुरक्षा आदान-प्रदान बढ़े हैं। व्यापार और निवेश आशाजनक बने हुए हैं और हम इस पर चर्चा करेंगे कि इन्हें कैसे आगे बढ़ाया जाए।

#### स्पेस और स्टार्टअप में संभावनाएं

जयशंकर ने कहा कि हम डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, फिनटेक, फार्मा, अंतरिक्ष, स्टार्टअप और हरित प्रौद्योगिकियों में संभावनाओं का पता लगा सकते हैं। दो प्राचीन सभ्यताओं के अनुरूप, संस्कृति और लोगों के बीच आदान-प्रदान भी हमारे संबंधों में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अंतर्राष्ट्रीय स्थिति 'जटिल और अस्थिर' है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच लंबे समय की मित्रता को ध्यान में रखते हुए, यह स्वाभाविक ही था कि मिस्र जून 2025 में इस क्षेत्र से भारतीय नागरिकों को निकालने में भारत की सहायता करे।

#### आतंकी हमले के विरोध में दिया समर्थन

जयशंकर ने कहा कि भारत और मिस्र ग्लोबल साउथ की प्रगति और विश्व मामलों में राष्ट्रों की स्वतंत्रता एवं चयन की स्वतंत्रता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आपकी सरकार और आपने व्यक्तिगत रूप से जो एकजुटता दिखाई, उसके लिए मैं आपकी गहरी सराहना व्यक्त करना चाहता हूं। उस समय पीएम मोदी और राष्ट्रपति सिसी ने एक-दूसरे से बात की थी। हमने उस गर्मजोशी भरे स्वागत को भी देखा जो आपने उसके बाद मिस्र का दौरा करने वाले बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का किया था।

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले- भारत पर टैरिफ ट्रंप की गलती

## पाकिस्तान के साथ नहीं भारत के साथ रिश्ता रखें, अमेरिका को इसी में फायदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम टोनी एबॉट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भारी टैरिफ लगाकर गलत किया है। पिछले 20 सालों में अमेरिका ने इस गलती को सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन ये टैरिफ बड़ा झटका है। अमेरिका के हित भारत जैसे लोकतंत्र के साथ मजबूत दोस्ती में हैं, न कि पाकिस्तान में। एबॉट ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद पर अमेरिका का साथ दिया, लेकिन ओसामा बिन लादेन को दशक भर पनाह दी। अमेरिका को ये जानना जरूरी है कि बेहतर दोस्त कौन है। बता दें, एबॉट 2013 से 2015 तक ऑस्ट्रेलिया के 28वें पीएम रहे थे।

#### भारत भविष्य में वर्ल्ड लीडर बनेगा



टोनी एबॉट के अनुसार, भारत अब सिर्फ एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि आने वाले समय में वर्ल्ड लीडर बन सकता है। हर भारतीय शहर में नई सड़कों, एयरपोर्ट्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम चल रहा है। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत-चीन का मजबूत विकल्प बनकर भी सामने आया है।

#### भारत की तीन ताकत- लोकतंत्र, कानून और अंग्रेजी

एबॉट ने बताया कि भारत के पास तीन बड़ी ताकतें हैं, लोकतंत्र, कानूनी शासन और अंग्रेजी भाषा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2022 में और ब्रिटेन के साथ हाल ही में हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट इस बात के संकेत हैं कि लोकतांत्रिक दुनिया अब चीन से दूरी बना रही है। जबकि भारत आर्थिक और सैन्य छलांग लगाने की तैयारी में है।

### स्वीडिश सैन्य कंपनी के एजेंट थे राजीव गांधी, दस्तावेज साझा किया

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक दस्तावेज साझा किया और दावा किया कि पूर्व पीएम राजीव गांधी स्वीडिश सैन्य कंपनी के एजेंट थे। निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि 1970 में हथियारों की खरीद में राजीव गांधी भी दलाली में शामिल थे। निशिकांत दुबे का राजीव गांधी पर यह आरोप ऐसे समय सामने आया है, जब कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने निशिकांत दुबे पर हमला बोला है। सुप्रिया श्रीनेत ने निशिकांत दुबे की पत्नी की संपत्ति में आए जबरदस्त उछाल पर सवाल खड़े किए। गुरुवार को कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और उनकी उनके चुनावी हलफनामे के खिलाफ लोकपाल से हुई शिकायत का हवाला दिया।

### उच्चतम न्यायालय ने देश में 'डिजिटल अरेस्ट' की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने देश में ऑनलाइन धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं, विशेषकर फर्जी न्यायिक आदेशों के माध्यम से नागरिकों को 'डिजिटल अरेस्ट' करने के मामलों का संज्ञान लेते हुए इस संदर्भ में केंद्र और सीबीआई से जवाब मांगा है और कहा है कि इस तरह के अपराध न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास की नींव पर कुठाराघात हैं। शीर्ष अदालत ने हरियाणा के अंबाला में अदालत और जांच एजेंसियों के फर्जी आदेशों के आधार पर एक बुजुर्ग दंपति को 'डिजिटल अरेस्ट' कर उनसे 1.05 करोड़ रुपये की उगाही की घटना को गंभीरता से लिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि यह साधारण अपराध नहीं है जिसमें पुलिस से कह दिया जाए कि तेजी से जांच करे और मामले को तार्किक परिणति तक पहुंचाए।

विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार



" भारत की ऊर्जा योजना का उद्देश्य सतत विकास के लिए भारत की वैश्विक प्रतिबद्धताओं का पूरी तरह से पालन करते हुए ऊर्जा न्याय सुनिश्चित करना है। "

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



अपनी कल्पना से भविष्य को रंग दें

ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता - 2025

विषय-वस्तु: ऊर्जा बचाएँ, पृथ्वी बचाएँ | स्टार बनें - बीईई स्टार उपकरणों का उपयोग करें

समूह क: 5वीं, 6वीं और 7वीं कक्षा
समूह ख: 8वीं, 9वीं और 10वीं कक्षा

चित्रकला के लिए पुरस्कार

| पुरस्कार' (प्रत्येक श्रेणी में) | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय पुरस्कार | | राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार | |
|---|---|---|---|---|
| | समूह 'क' | समूह 'ख' | समूह 'क' | समूह 'ख' |
| प्रथम पुरस्कार/स्वर्ण पदक (01) | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 1,00,000/- | ₹ 1,00,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार/रजत पदक (01) | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- |
| तृतीय पुरस्कार/कांस्य पदक (01) | ₹ 20,000/- | ₹ 20,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- |
| प्रशंसा पुरस्कार (10) | ₹ 7,500/- | ₹ 7,500/- | ₹ 15,000/- | ₹ 15,000/- |

'राष्ट्रीय विजेताओं को लैपटॉप/टैबलेट प्रदान किया जाएगा और उन्हें भारत में अध्ययन दौरे का अवसर भी मिलेगा!

स्कूलों को यहां पंजीकरण कराना होगा: www.paintings.beeindia.gov.in

पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि
07 नवंबर, 2025

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सांविधिक निकाय
/beeindiadigital /bureauofenergyefficiency

CBC 34106/15/0013/2526

### एच-1बी वीजा को लेकर ट्रंप प्रशासन पर दायर किया मुकदमा, कहा 'गैरकानूनी'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन 'यूएस चेंबर ऑफ कॉमर्स' ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। यह मुकदमा एच-1बी वीजा आवेदन शुल्क को लेकर है, जिसे सरकार ने एक लाख डॉलर तय किया है। चेंबर का कहना है कि यह शुल्क 'गैरकानूनी' है और इससे अमेरिकी कंपनियों को भारी नुकसान होगा। वॉशिंगटन की एक जिला अदालत में दायर याचिका में कहा गया है कि अगर यह शुल्क लागू किया गया तो अमेरिकी कंपनियों को या तो अपने श्रमिक खर्च बहुत बढ़ाने होंगे या फिर उन्हें कुशल कर्मचारियों की संख्या घटानी पड़ेगी, जिनके लिए घरेलू विकल्प आसानी से नहीं मिलते। चेंबर ने ट्रंप के 19 सितंबर के आदेश को स्पष्ट रूप से अवैध और अमेरिका के आर्थिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए लाभदायक बताया। कहा कि यह घोषणा न केवल एक भ्रामक नीति है बल्कि यह स्पष्ट रूप से गैरकानूनी भी है। राष्ट्रपति के पास यह अधिकार कानून द्वारा सीमित है और कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का सीधे तौर पर खंडन नहीं कर सकता।

### तेल मामले में ट्रंप के बयान पर रूस के डिप्टी पीएम नोवाक बोले

# भारत पर कोई हुक्म नहीं चला सकता

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूसी तेल की खरीद पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर रूस के डिप्टी पीएम एलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे साझेदार हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे। हमारे ऊर्जा संसाधनों की मांग है, यह आर्थिक रूप से लाभदायक और व्यावहारिक है। उन्होंने कहा कि हमारे साझेदार भारत ने लगातार यह घोषणा की है कि कोई उन पर हुक्म नहीं चला सकता और वे अपना रास्ता स्वयं चुनेंगे। यही हमारे रिश्ते की कसौटी है। नोवाक ने कहा कि भारत ने अब तेल का भुगतान चीन की मुद्रा युआन में करना शुरू कर दिया है हालांकि अब भी ज्यादातर भुगतान रूबल में ही हो रहा है। भारत ने सितंबर में रूस से 25597 करोड़ रुपए का तेल खरीदा है जो चीन के मुकाबले कम है।

*भारत ने तेल का भुगतान चीन की मुद्रा युआन में करना शुरू किया*

*भारत ने सितंबर में रूस से 25597 करोड़ रुपए का तेल खरीदा है*



#### द्विपक्षीय व्यापार संबंध बेहतर: अलीपोव



वहीं, भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा भारत के साथ रूस के ऊर्जा संबंध नई दिल्ली के राष्ट्रीय हितों के अनुरूप हैं। दोनों देशों में समग्र द्विपक्षीय व्यापार संबंध बेहतर हो रहे हैं। रूसी राजदूत ने कहा कि भारत सरकार अपने देश के राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर इस मामले से निपट रही है। भारत के कुल हाइड्रोकार्बन आयात में रूसी कच्चे तेल का योगदान लगभग एक-तिहाई है।

#### भारत अपने फैसले खुद लेता है: जैमीसन ग्रीर



इससे पहले अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार जैमीसन ग्रीर ने कहा था कि भारत अपने फैसले खुद लेता और अमेरिका दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रखें। ग्रीर ने कहा था कि भारत के रूस के साथ हमेशा मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन पिछले दो या तीन वर्षों में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए, बल्कि रिफाइनिंग और बेचने के लिए भी रूस से कम कीमत पर तेल खरीदना शुरू किया है।

#### पाकिस्तान को झटका

#### रूसी राजदूत खोरेव ने कहा कश्मीर एक द्विपक्षीय मुद्दा



पाकिस्तानी न्यूज एंकर ने एक शो में पाकिस्तान में रूसी राजदूत अल्बर्ट खोरेव से बात की। इसमें उन्होंने कश्मीर मुद्दा उठाया और उम्मीद की कि रूसी राजदूत चूंकि उनके कार्यक्रम में आए हैं, इसलिए हो सकता हो कि उनकी तरफ की बात करें। एंकर ने पूछा कि क्या आपको लगता है कि कश्मीर विवाद को सुलझाने में भारत की हिचकिचाहट से परमाणु युद्ध हो सकता है? इस पर इस्लामाबाद में रूसी राजदूत के रूप में कार्यरत अल्बर्ट खोरेव ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि रूस का मानना है कि पाकिस्तान और भारत को कश्मीर विवाद सिर्फ द्विपक्षीय तरीकों से ही सुलझाना चाहिए। हमारा मानना है कि तीसरे पक्ष के दखल की वजह से ही कश्मीर मुद्दे का हल प्रभावित हुआ है।

चिंतन

# खुद के पाले आतंकवाद से लहूलुहान होता पाकिस्तान

हिन्दी की कहावत है कि जो दूसरों के लिए कुआं खोदता है, वो खुद उसमें गिरता है। ऐसा ही पाकिस्तान के साथ हो रहा है। पड़ोसी देश भारत में दहशर्दी फैलाने के उद्देश्य से आतंकवाद को पोषित कर रहा पाकिस्तान अब खुद लहूलुहान हो रहा है। हर दूसरे दिन देश के किसी न किसी हिस्से में धमाका हो रहा है और बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे हैं। इतना सब होने के बाद भी पाक हुक्मरान सुधरने की बजाए आतंकवादियों को पनाह देकर खुद अपनी कब्र खोद रहे हैं। ये न केवल इंसानियत बल्कि इस्लाम को लहूलुहान करने जैसा है। पाकिस्तान नेताओं ने आतंकवादियों यानि बर्बर जानवरों को मानवता को घायल करने का लाइसेंस दे दिया है। देश में आतंकवादियों को अपना राष्ट्रीय उद्योग और राष्ट्रीय संपत्ति बन चुका है, लेकिन वहां के सत्ताधीश सुधरने को तैयार ही नहीं हैं। शुक्रवार को भी पाकिस्तान में अफगान बॉर्डर के नजदीक नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में 7 सैनिक मारे गए हैं, जबकि 13 लोग घायल हो गए। हमलावरों ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को मीर अली इलाके में बने आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। धमाके में गाड़ी चला रहा हमलावर भी मारा गया। इसके बाद 3 उग्रवादी कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने मीर अली में सुरक्षा बलों पर हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी ने कहा कि उनके खालिद बिन वलीद आत्मघाती दस्ते और तहरीक तालिबान गुलबहार ने इस हमले को अंजाम दिया। असल में 2001 में अमेरिका ने अफगानिस्तान पर हमला किया तो कई लड़ाके पाकिस्तान के कबाइली इलाकों में छिप गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हमले का समर्थन किया। इससे नाराज होकर 2007 में बेतुल्लाह मेहसूद ने 13 विद्रोही गुटों को मिलाकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) बनाया। जिसने कबायली इलाकों में शरिया कानून लागू किया और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और अफगानिस्तान में विदेशी सैनिकों पर हमले किए। टीटीपी ने यूनिवर्सिटीज, धार्मिक नेताओं और नागरिक ठिकानों को भी निशाना बनाया, और यहां तक कि पाकिस्तान के बड़े शहरों में भी हमले किए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से टीटीपी ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। जो पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है। पाकिस्तान सरकार आरोप लगाती है कि टीटीपी के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। इसी के चलते बीते सप्ताह पाक ने अफगान में दो बार हवाई हमले भी किए और दावा किया कि इन हमलों में अनेक पाक विरोधियों का सफाया हो गया है। अब टीटीपी ने आत्मघाती हमला करके पाक को जवाब दिया कि ऐसा कुछ नहीं है, जैसा पाक दावा कर रहा है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और टीटीपी इसकी मुख्य वजह है। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक के इन हमलों की वजह से ही पाकिस्तान आतंकवाद प्रभावित देशों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान सबसे ज्यादा आतंक प्रभावित इलाके हैं। जहां वे जब चाहे हमले को अंजाम दे रहे हैं। पाक जिन आतंकवादियों को पाल रहा था, अब वो ही उसे जख्म दे रहे हैं। अब वहां के हुक्मरान अब भी नहीं चेते तो आतंकवाद अजगर की तरह पूरे पाक को ही निगल जाएगा।



बस दुर्घटना
राजेश माहेश्वरी

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हादसे

आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है।

राजस्थान के जैसलमेर में बीती 14 अक्टूबर को हुआ भीषण बस अग्निकांड महज एक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि यह भारत की सड़क सुरक्षा व्यवस्था, नियामकीय ढांचे और प्रशासनिक लापरवाही की चौंका देने वाली मिसाल है। 21 निर्दोष लोगों की जान गई, दर्जनों जिंदगी भर के लिए झुलस गए। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या यह टाला नहीं जा सकता था? उत्तर है, हां, अगर सुरक्षा को प्राथमिकता मिलती और यदि हमारी व्यवस्था केवल मुआवजा देने तक सीमित न रहती, बल्कि जिम्मेदारी तय करने और सुधार लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होती। 17 अक्टूबर को यूपी के गौतमबुद्ध नगर के दनकौर में यमुना एक्सप्रेसवे पर चलती बस में आग लग गई। लुधियाना से आगरा जा रही बस में लगभग 50 यात्री थे। बस की छत पर रखे सामान में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल आए।

बीती 5 मई को लखनऊ में किसान पथ पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। यहां एक बस में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों समेत पांच यात्रियों की जलकर मौत हो गई है। यह बस बिहार से दिल्ली जा रही थी। बात सिर्फ यूपी और राजस्थान की नहीं। ऐसी स्थिति कम या ज्यादा देश के हर राज्य की है। आए दिन देशभर से चलती बसों में आग लगने की दुखद खबरें आती हैं। दो चार दिन के हो-हल्ले और बयानबाजी के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, पूरे देश में 12,502 बस दुर्घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लगभग 4,000 लोगों की मौत और 21,000 से अधिक घायल हुए। लेकिन इन आंकड़ों की किसी को परवाह नहीं है। भ्रष्ट और सुस्त निगरानी तंत्र और सिस्टम का लाभ मुनाफाखोर बस संचालक उठाते हैं। जिस बस में आग लगी, वह केके ट्रैवल्स की थी और इसे 14 दिन पहले ही खरीदा गया था। बस का रजिस्ट्रेशन 1 अक्टूबर को हुआ, 9 अक्टूबर को इसका परमिट जारी किया गया और 14 अक्टूबर को ही यह हादसा हो गया। बस का मॉडिफिकेशन प्रमाणित एजेंसी से नहीं हुआ था। सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स यानी सीएमवीआर के अनुसार, किसी भी व्यावसायिक वाहन में किए गए संशोधन की वैधता जरूरी है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन शायद ही होता है। सवाल यह उठता है कि इतनी असुरक्षित बस को फिटनेस सर्टिफिकेट आखिर कैसे मिल गया? इससे विभागीय उदासीनता और संभावित भ्रष्टाचार की बू आती है। जैसलमेर की जिस बस में आग लगी, वह एक निजी स्लीपर कोच थी जिसे हाल ही में गैर-एसी से एसी में बदला गया था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बस में शॉर्ट सर्किट, एसी कंप्रेसर का विस्फोट और ज्वलनशील फाइबर इंटीरियर की वजह से आग ने तेजी से पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। न इमरजेंसी एग्जिट था, ना खिड़कियों पर सुरक्षा हथौड़े, और मुख्य दरवाजा भी जाम हो गया, यात्री अंदर ही फंस कर जलते रहे। यह न केवल दुखद है, बल्कि शर्मनाक भी क्योंकि ये मौतें नीतिगत व प्रशासनिक चूक का सीधा नतीजा हैं। राजस्थान में अगर कायदे से चेक किया जाए तो हर बस में इमरजेंसी गेट के सामने या तो स्लीपर सीट बना दी गई या फिर उसे सामान रखने के लिए इस्तेमाल



किया जा रहा था। एक लग्जरी बस में आपातकालीन गेट के सामने फ्रिज और कॉफी मशीन फिट की गई थी। नियम के मुताबिक, इमरजेंसी गेट का रास्ता साफ होना चाहिए, लेकिन ऑपरेटर यात्रियों की जान की कीमत पर रुपये कमाने में जुटे हैं। अगर आग लगने, नदी में गिरने और बस पलटने जैसा हादसा हो तो यात्रियों का निकलना नामुमकिन है। राजस्थान सरकार ने इस घटना की तकनीकी जांच के लिए सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट यानी सीआईआरटी, पुणे को भी आमंत्रित किया है। सीआईआरटी अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी। इस हादसे के बाद प्रदेश में चल रहे विशेष निरीक्षण अभियान के तहत अब तक 162 बसें जब्त की जा चुकी हैं। परिवहन विभाग ने सभी बस परिवहन संघों से अनुरोध किया है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बसों में सुरक्षा मानकों के अनुसार आवश्यक सुधार किए जाने के बाद ही उनका संचालन सुनिश्चित करें।

अगर स्लीपर बसों की बात करें तो इसके लिए एआईएसः119 (आरईवी 1) प्रोविजन के तहत बस बॉडी का निर्माण होता है। आम भाषा में समझें तो सबसे पहले बस का चेचिस खरीदा जाता है, इसके बाद उन पर बॉडी का काम होता है। बॉडी बनाने के लिए कई नियमों का पालन करना होता है, जिसमें बस में लगने वाली सीटों की संख्या, बस का साइज आदि अहम है। इसके बाद चेसिस के हिसाब से बॉडी का निर्माण होता है। इसके बाद तीन जांच एजेंसियों से अप्रूवल लेना होता है, जिसमें यह तय होता है कि किस तरह की बस बनाई गई है। इसके बाद बस को फिटनेस आदि सर्टिफिकेट मिलते हैं। बस बनाने वाले बॉडी मेकर को ये सर्टिफिकेट लेना होता है। फिर बॉडी की जांच होती है और सर्टिफिकेट जारी होता है। इसके बाद बस सड़क पर चलने के लिए तैयार होती है। दरअसल, जो बड़े बॉडी मेकर हैं, वो समय पर सारे अप्रूवल ले लेते हैं, जो थोड़ा बड़ा और महंगा प्रोसेस है। ऐसे में जो बस वाले छोटे बॉडी मेकर से बस बनवाते हैं तो वे कागजों में बस की साइज, सीटों की संख्या कुछ और दिखाते हैं और हकीकत में बस की डिजाइन कुछ और होती है। आम तौर पर 13 मीटर बस की साइज का अप्रूवल आता है और फिर उसे 15 मीटर तक डिजाइन कर देते हैं। जैसे डबल एक्सल की साइज वाली बस को सिंगल एक्सेल चेसिस में बना देते हैं। इस दौरान कई बसों में फायर एग्जिट जैसी व्यवस्था भी करनी होती है। एक एसी स्लीपर बस को बनाने में करीब 26-27 लाख का खर्च आता है, जिसमें एसी का खर्च भी शामिल होता है।

इसमें बस की चेसिस और टायर आदि शामिल नहीं होते है। अगर कोई बस मालिक एसी खुद देते हैं तो 4 लाख का खर्च कम हो जाता है और फिर सिर्फ बॉडी और सीट का निर्माण किया जाता है। इस क्वालिटी में ही सुरक्षा का नजरअंदाज कर दिया जाता है। बताया जाता है इस दौरान खराब वायरिंग आदि की वजह से आग लगने की घटनाएं हो जाती हैं। जानकारों के मुताबिक, सर्दी की अपेक्षा गर्मी के दिनों में बसों में आग लगने के मामले तेजी से बढ़ जाते हैं। इसकी वजह होती है तेज धूप में बसों के इंजन और बॉडी का गर्म हो जाना। इंजन गर्म होने पर आग लगने का खतरा रहता है। इसके अलावा अगर बस में कोई भी तार इधर-उधर लटक रहा है तो उससे स्पार्क होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही डीजल टैंक से अगर डीजल या फिर मोबिल ऑयल लीक करता है तो शॉर्ट-सर्किट से आग पकड़ने की संभावना बढ़ जाती है। जानकारों के मुताबिक, बसों में आग के हादसों को रोकने के लिए नियमित निरीक्षण, बेहतर रखरखाव और बसों में स्वचालित अग्निशमन प्रणाली लगाना महत्वपूर्ण है। परिवहन के नियमों को सख्त बनाना और चालकों को प्रशिक्षण देना भी आवश्यक है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विशेष
कांतिलाल मांडोत



# धनतेरस पर्व पर करें परोपकार का संकल्प

कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाये जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते हैं। इन पर्वों को पंचपर्व कहते है। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ गहरा सम्बन्ध है। सर्वप्रथम धन-तेरस के बारे में चर्चा करते हैं। प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। कहावत है-बिन पूछा मुहुरत भला, या तेरस या तीज। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। पता नहीं, इसे धन-तेरस नाम देने के पीछे क्या कल्पना रही होगी। मेरे विचार में इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है। भारत में हिन्दू समाज में कार्तिक कृष्ण तेरस को सूर्यास्त के पश्चात् लक्ष्मी पूजन होता है और घर के द्वार पर यम का एक दिया जलाया जाता है। पुराणों की मान्यता ऐसी है कि पितृपक्ष में पितृगण अपने परिवारजनों को देखने के लिए अदृश्य रूप में भूलोक में आते हैं। वे सबको देखकर इस दिन वापस अपने पितृलोक को लौट जाते हैं। इसलिए इस दिन एक दिया जलाकर पितृगण को विदा दी जाती है। यह एक रूढ़ लोकमान्यता है। भारतीय पुराणों में धन-तेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण-प्रतिष्टदायक धन्वन्तरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। महाभारत और पुराणों के अनुसार यह माना जाता है कि देव-दानवों ने मिलकर जब समुद्र-मंथन किया तो उसमें चौदह दुर्लभ रत्न प्राप्त हुए। उसी समुद्र-मंथन में धन्वन्तरि हाथ में अमृत कलश लिए प्रकट हुए। धन्वन्तरि चिकित्सा विज्ञान के आदि पुरुष माने जाते हैं। धन्वन्तरि शब्द का अर्थ है-शल्पशास्त्र में पारंगत पुरुष। किन्तु सुश्रुत संहिता के अनुसार आयुर्वेद के आठों अंगों का निपुण वैद्य धन्वन्तरि कहा जाता है। कुछ पुराणों के अनुसार काशी का राजा दिवोदास धन्वन्तरि नाम से प्रसिद्ध हुआ जो आयुर्वेद का महान विद्वान था। धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक आज की भाषा में फेमिली डॉक्टर माने जाते हैं। महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन तेरस धन्वन्तरि के जन्म-दिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार में रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानब को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही है-जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दुःख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है। ऐसे लोभी वैद्यों के लिए कवि कहता है- हे यमराज के बंधु वैद्यराज, तुम्हें दूर से ही नमस्कार करता हूँ। तुम वैद्यराज नहीं, यमराज से भी बढ़-चढ़कर हो, क्योंकि यमराज तो सिर्फ प्राणी के प्राणों का ही हरण करता है, किन्तु तुम तो प्राण भी ले लेते हो और धन भी ले जाते हो। आज धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बाँटो, दूसरों के दुःख-दर्द-पीड़ा दूर करो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन-तेरस की प्रेरणा है। धन तेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चाँदी व ताँबे-स्टील के बर्तन खरीदकर धन-तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दुखियों के दुःख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते रसः-तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दुःखी प्राणी का दुःख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-सँभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुँचाई तो समझ लो आपकी धनतेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई। अन्यथा धन की पूजा करके चाहे तेरस मनाओ या चौदस, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। निःस्वार्थ और निरपेक्ष भाव से जितना बन सके दूसरों की सेवा-सहायता का संकल्प करना और उसके लिए अपनी धन-सम्पत्ति का सदुपयोग करना-यह लक्ष्मी के आमन्त्रण की पूर्व भूमिका है, बैकग्राउण्ड है। जो परोपकार करेगा लक्ष्मी स्वयं उसके द्वार पर आकर दस्तक देगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# एक सप्ताह अपने लिए निकालें



संकलित
दर्शन

श्वास और मन पर ध्यान देने से हमारा प्रतिरक्षा प्रणाली (इम्यून सिस्टम) मजबूत होता है। यदि आप शिशुओं को देखें, तो पाएंगे कि वे अत्यंत संतुलित तरीके से श्वास लेते हैं। वे पूरे शरीर से श्वास लेते हैं-जब वे श्वास अंदर लेते हैं, तो पेट बाहर आता है, और जब श्वास छोड़ते हैं, तो पेट भीतर चला जाता है। पर जैसे-जैसे हम तनावग्रस्त होते हैं, यह प्रक्रिया उल्टी हो जाती है। ऐसी बातें कोई सिखाता नहीं, बस सजगता चाहिए। पर हमारा मन इतना व्यस्त, विचारों, निर्णयों और प्रतिक्रियाओं से भरा होता है कि हम प्रकृति की इन सूक्ष्म बातों को देख ही नहीं पाते। इसलिए साल में एक बार, एक सप्ताह अपने लिए निकालें, जैसे आप कार की सर्विसिंग कराते हैं। उस समय प्रकृति के साथ सामंजस्य में रहें, सूर्योदय के साथ उठें, हल्का और आवश्यक मात्रा में भोजन करें, व्यायाम करें, योग, प्राणायाम, कुछ समय मौन रखें और प्रकृति का आनंद लें। जब हम प्रकृति से जुड़ते हैं, तो हमारी पूरी प्रणाली पुनर्जीवित हो जाती है। हम ऊर्जावान, उत्साही और प्रफुल्लित अनुभव करते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है- जीवन में अधिक प्रसन्न रहना। चीजों को बहुत गंभीरता से न लें। थोड़ा सा आत्मज्ञान, अपने मन, चेतना और भ्रमों के मूल को समझना हमें जीवन को सुंदर बनाने में मदद करता है। हर व्यक्ति में सभी सद्गुण पहले से विद्यमान हैं, बस अज्ञानता की परतों से ढके हैं। हमें केवल उन्हें हटाना है और भीतर छिपे उन गुणों को प्रकट होने देना है।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे। सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़िये। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**धनतेरस पर परोपकार का संकल्प करें**

भारतीय पुराणों में धनतेरस के पीछे आयुर्वेद के प्राण प्रतिष्ठापक धन्वंतरि के प्रादुर्भाव की कथा जुड़ी हुई है। कार्तिक वदि तेरस से अमावस (दीपावली) तक निरन्तर तीन विशेष पर्व मनाए जाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तथा द्वितीया को भी विशेष प्रकार के कुछ उत्सव व समारोह आयोजित होते हैं। इन पर्वों को पंचपर्व कहते हैं। मानव जीवन के साथ तथा समाज एवं राष्ट्रीय धारा के साथ इनका गहरा सम्बन्ध है। यों तो प्रत्येक पक्ष में तीज और तेरस का दिन शुभ माना जाता है। किन्तु कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की तेरस बड़ी शुभ और लाभकारी मानी जाती है। इसका सम्बन्ध दीपावली पर लक्ष्मी पूजन करने से पूर्व धन देवता की पूजा-अर्चना करके उसे प्रसन्न करने से हो सकता है। **-कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## करंट अफेयर

# न्यूयॉर्क के महापौर एरिक ने दिवाली उत्सव की मेजबानी की

न्यूयॉर्क शहर के महापौर एरिक एडम्स ने अपने आधिकारिक आवास पर एक शानदार दिवाली उत्सव की मेजबानी की, जिसमें उन्होंने भारतीय समुदाय के सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शहर के सांस्कृतिक एवं आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की। यहां भारतीय मिशन ने बृहस्पतिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास की ओर से, उप महावाणिज्य दूत विशाल जे. हर्ष ने दिवाली की शुभकामनाएं दीं और ''त्योहार के प्रकाश, आशा और आनंद के चिरस्थायी संदेश'' के बारे में बात की। इसमें कहा गया, ''महापौर ने भारतीय समुदाय का गर्मजोशी से स्वागत किया और न्यूयॉर्क के सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने में उनके योगदान की सराहना की।'' गवर्नर कैथी होचुल ने भी फ्लशिंग, क्वींस स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारतीय समुदाय के साथ दिवाली उत्सव मनाया। पेंसिल्वेनिया, कनेक्टिकट और कैलिफोर्निया जैसे राज्यों ने दिवाली को आधिकारिक अवकाश घोषित कर दिया है। न्यूयॉर्क शहर में, दिवाली पर स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।



## ऑफ बीट

# एआई सामग्री में त्रुटियों से बढ़ रहा काम का बोझ



क्या आपने कभी अपनी नौकरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल काम की गुणवत्ता या सटीकता की दोबारा जांच किए बिना किया है? अगर हां, तो आप अकेले नहीं होंगे। हमारे वैश्विक अध्ययन से पता चलता है कि कार्यस्थल पर एआई का इस्तेमाल करने वाले दो-तिहाई (66 प्रतिशत) कर्मचारी बिना मूल्यांकन किए एआई सामग्री पर निर्भर रहे हैं। इससे दूसरों के लिए त्रुटियों की पहचान और सुधार में काफ़ी अतिरिक्त काम पैदा हो सकता है, प्रतिष्ठा को नुकसान की तो बात ही छोड़िए। इसी हफ़्ते, कंसल्टिंग फ़र्म डेलॉइट ऑस्ट्रेलिया ने औपचारिक रूप से माफ़ी मांगी, क्योंकि संघीय सरकार के लिए तैयार की गई 440,000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की एक रिपोर्ट में एआई से जुड़ी कई त्रुटियां पाई गईं। इसी पृष्ठभूमि में "वर्कस्लोप" शब्द चर्चा में आया है। हाल में हार्वर्ड बिज़नेस रिव्यू के एक लेख में प्रचलित, यह शब्द एआई द्वारा निर्मित ऐसी सामग्री को संदर्भित करता है जो देखने में तो अच्छी लगती है, लेकिन "किसी दिए गए कार्य को सार्थक रूप से आगे बढ़ाने के लिए इसमें उचित सामग्री का अभाव होता है।'' समय की बर्बादी के अलावा, कार्यस्थल पर "वर्कस्लोप" सहयोग और विश्वास को भी कम करता है।

## ट्रेंड

### एमआरओ सुविधा स्थापित



एचएएल नासिक डिविजन में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन दोनों के लिए संयुक्त एमआरओ सुविधा स्थापित की गई है। यह दर्शाता है कि भारत में अब सिविल और मिलिट्री एविएशन एक ही मंच पर साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### सच्चाई सामने आए



जुबिन गर्ग के मामले में सच्चाई जितनी जल्दी सामने आए, उतना ही बेहतर है, क्योंकि परिवार इस मामले की हकीकत जानना चाहता है। परिवार ने जुबिन को खो दिया है, और वे केवल यही चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### आत्मनिर्भर भारत बनाएं



इस दीपावली जब हम एक मिट्टी का दीया जलाएंगे तो उसकी रोशनी किसी कुम्हार के घर में भी उम्मीद जगाएगी। जब हम स्वदेशी मिठाई खरीदेंगे तो किसी छोटे व्यापारी के घर में समृद्धि की खुशबू फैल जाएगी। इस दीपावली जो भी खरीदें, वो स्वदेशी हो। आइए, मिलकर आत्मनिर्भर भारत बनाएं।
-रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### देशहित की बात



पहलगाम में उन्होंने धर्म पूछ कर मारा, हमने उनके घर में घुसकर आतंकी अड्डों व आतंक के आकाओं को नेस्तनाबूद किया। मगर जब भी बात देशहित की आती है, कांग्रेस-आरजेडी दूसरे पाले में दिखाई देते हैं।
-अनुराग ठाकुर, सांसद, भाजपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले टॉप-5 गेंदबाज में दो भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे इतिहास की शुरुआत साल 1980 में हुई थी। अब तक दोनों देशों के बीच कुल 152 वनडे मैच खेले गए हैं, जिसमें सर्वाधिक विकेट हासिल करने वाले 5 खिलाड़ियों में दो भारतीय हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे क्रिकेट में अब तक सिर्फ पांच ही गेंदबाज 40+ विकेट हासिल कर सके हैं।





**ब्रेट ली :** साल 2000 से 2012 के बीच ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज तेज गेंदबाज ने कुल 32 मुकाबलों की 30 पारियों में 257.1 ओवर फेंके, जिसमें 21 की औसत के साथ 55 विकेट हासिल किए। इस दौरान ली ने भारत के विरुद्ध चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट हासिल किए।

**कपिल देव :** भारत को बतौर कप्तान वनडे विश्व कप खिताब जिताने वाले कपिल देव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 1980 से 1994 के बीच 41 मुकाबलों में कुल 338.4 ओवर फेंके, जिसमें 45 विकेट हासिल किए। इंग्लैंड के खिलाफ कपिल देव का सर्वश्रेष्ठ 43/5 रहा।



**मिचेल जॉनसन :** इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने साल 2006 से 2015 के बीच 220.3 ओवरों में कुल 43 विकेट हासिल किए। इस दौरान जॉनसन ने एक बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी किया।



**स्टीव वॉ :** ऑस्ट्रेलिया का यह दिग्गज खिलाड़ी लिस्ट में चौथे स्थान पर मौजूद है, जिसने साल 1986 से 2001 के बीच भारत के खिलाफ 53 वनडे मैच खेले। इस दौरान स्टीव वॉ ने 257.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 29.46 की औसत के साथ 43 विकेट हासिल किए।

### मोहम्मद शमी



भारत के तेज गेंदबाज ने साल 2013 से 2025 के बीच 215.4 ओवर गेंदबाजी की। इस दौरान शमी ने 42 विकेट हासिल किए। इस टीम के खिलाफ वनडे फॉर्मेट में शमी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 51/5 है।

## खबर संक्षेप

### मलेशिया को हराकर जोहोर कप के फाइनल में पहुंचा भारत

**जोहोर बाहरू।** भारत ने अपने अंतिम ग्रुप मैच में मेजबान मलेशिया को 2-1 से हराकर सुल्तान ऑफ जोहर कप जूनियर हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। भारत के लिए गुरजोत सिंह (22वें मिनट) और सौरभ आनंद कुशवाहा (48वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। मलेशिया की ओर से एकमात्र गोल 43वें मिनट में नवनीश पैनिकर ने किया। भारतीय टीम अब शनिवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारत ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में 12वीं बार हिस्सा लेते हुए रिकॉर्ड आठवीं बार फाइनल में जगह बनाई है।

### बोस्टन ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची अनाहत



**नई दिल्ली।** मौजूदा महिला राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अमेरिका की चार्लोट सेज को हराकर 15 हजार डॉलर पुरस्कार राशि वाले पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट बोस्टन ओपन स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता अनाहत ने पहले दौर में बाई मिलने के बाद अंतिम 16 दौर में स्थानीय खिलाड़ी सेज को 11-4, 11-6, 9-11, 11-8 से हराया। विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर काबिज दिल्ली की इस युवा खिलाड़ी के सामने अब मिस्र की आठवीं वरीयता प्राप्त यना स्वाइफी की चुनौती होगी।

### रांची में 24 अक्टूबर से सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**रांची।** झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य 24 से 26 अक्टूबर तक रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में चौथी दक्षिण एशियाई (सैफ) सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी करेगा। उन्होंने तीन दिवसीय सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के आधिकारिक शुभंकर, 'लोगो (प्रतीक चिन्ह)' और गान का अनावरण किया। मंत्री ने कहा कि सैफ का 'लोगो' झारखंड की आत्मा 'खेलों, जनजातियों, संस्कृति और प्रकृति की भूमि' के साथ जुड़ी खेल भावना का प्रतीक है। हरा रंग झारखंड के हरे-भरे जंगलों और पारिस्थितिकी समृद्धि को दर्शाता है।

### सात्विक-चिराग की जोड़ी डेनमार्क ओपन के सेफा में

**ओडेन्से (डेनमार्क)।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि लक्ष्य सेन पुरूष एकल क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम में हार गए। टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 65 मिनट तक चले कड़े क्वार्टर फाइनल में मुहम्मद रियान अर्दियांतो और रहमत हिदायत की गैर-वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी को 21-15, 18-21, 21-16 से हराया। भारतीय जोड़ी अब चीन के चेन बो यांग और यी लियू की आठवीं वरीय जोड़ी तथा जापान के ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगी।

## रणजी ट्रॉफी: रजत के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक निकले 663 रन

# पाटीदार ने जड़ा दोहरा शतक, पंजाब के खिलाफ मध्यप्रदेश की मजबूत बढ़त

एजेंसी ▶▶| इंदौर

रजत पाटीदार ने जब से एमपी रणजी टीम की कमान संभाली है। वह कमाल पर कमाल कर रहे हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनका बेहतरीन प्रदर्शन जारी है। रजत ने रणजी ट्रॉफी 2025 के पहले मुकाबले में दोहरा शतक लगाकर टीम इंडिया में वापसी की दावेदारी ठोक दी है। पंजाब के खिलाफ मध्य प्रदेश के नए कप्तान ने पहले ही मैच में दोहरा शतक ठोककर अपनी टीम को मजबूत बढ़ा दिला दी है। ये रजत पाटीदार के प्रथम श्रेणी करियर का 16वां शतक और पहला दोहरा शतक है। उनकी इस पारी की मदद से मध्यप्रदेश ने पंजाब के खिलाफ पहली पारी में 270 से ज्यादा रन की बढ़त बना ली है। रजत पाटीदार के बल्ले से पिछली 8 फर्स्ट क्लास पारियों में अभी तक 663 रन निकल चुके हैं। रजत पाटीदार ने 205 रन की नाबाद पारी खेली। स्टंप्स के समय पाटीदार के साथ अरशद खान (नाबाद 60) क्रीज पर मौजूद थे।

### सौराष्ट्र ने पहली पारी में बनाए 376 रन

**राजकोट।** कर्नाटक के लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल के आठ विकेट के बावजूद चेतन सकारिया (72 गेंद में 29 रन) और युवराज सिंह डोडिया (नाबाद 13) के बीच आखिरी विकेट के लिए 34 की साझेदारी के दम पर सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को पहली पारी में चार रन की बढ़त हासिल कर ली। सौराष्ट्र ने बीते दिन के स्कोर चार विकेट पर 200 रन से आगे खेलते हुए श्रेयस (110 रन पर आठ विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने 342 रन तक नौ विकेट गंवा दिए थे लेकिन सकारिया और डोडिया ने शानदार साझेदारी कर टीम को पहली पारी में चार रन की बढ़त दिला दी। कर्नाटक के 372 रन के जवाब में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 376 रन बनाए।



### कर्नाटक की कुल बढ़त हुई 85 रन

कर्नाटक ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में पांच विकेट पर 89 रन बना लिए, जिससे उनकी कुल बढ़त 85 रन की हो गई। स्टंप्स के समय मयंक अग्रवाल (31) और देवदत्त पडिक्कल (18) क्रीज पर मौजूद थे। श्रेयस ने प्रेरक मांकड़ (27) को पगबाधा कर कर्नाटक को दिन की पहली सफलता दिलाई। अनुभवी अर्पित वसावड़ा (58) और गाज्जार सम्मार (45) ने छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी के साथ सौराष्ट्र को 300 रन के करीब पहुंचाया। श्रेयस ने वसावडा को पगबाधा कर इस साझेदारी को तोड़ा।

### सौराष्ट्र ने गंवाए जल्दी जल्दी विकेट गंवाए

सौराष्ट्र ने इसके बाद जल्दी-जल्दी विकेट गंवाए, जिसमें शिखर शेट्टी ने जयदेव उनादकट को आउट कर टीम का स्कोर नौ विकेट पर 342 कर दिया। सकारिया और डोडिया ने लगभग 16 ओवर तक बल्लेबाजी कर कर्नाटक के बढ़त लेने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। सकारिया ने छक्का लगाकर टीम की बढ़त को पक्का किया। वह इसके बाद श्रेयस का आठवां शिकार बनें।

### सैमसन ने केरल के लिए खेली अच्छी पारी

महाराष्ट्र ने तिरुवनंतपुरम में अपनी पहली पारी में 20 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 51 रन बना लिए। संजू सैमसन (54) और सलमान निजार (49) ने केरल के लिए अच्छी पारियां खेली लेकिन इसे बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे। केरल की टीम पहली पारी में 219 रन पर आउट हो गई। गोवा ने पोरवोरिम में पहली पारी में चंडीगढ़ को 137 रन पर आउट करने के बाद फालोऑन करते हुए 153 रन पर तीन विकेट झटक लिए। गोवा ने पहली पारी में 566 रन बनाए थे। चंडीगढ़ को पारी की हार से बचने के लिए और 270 रन बनाने होंगे।

## क्रिकेट

# टीम इंडिया के खिलाफ वनडे सीरीज में खेलेंगे लाबुशेन



एजेंसी ▶▶| पर्थ

मार्नस लाबुशेन को रविवार से भारत के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए चोटिल ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया। ग्रीन मांसपेशियों में जकड़न के कारण श्रृंखला से बाहर रहेंगे क्योंकि चयनकर्ता अगले महीने शुरू होने वाली एशेज श्रृंखला से पहले कोई जोखिम नहीं लेना चाहते।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, 'ग्रीन कुछ समय का रिहैबिलिटेशन पूरा करेंगे और एशेज की तैयारी जारी रखने के लिए शेफील्ड शील्ड के तीसरे दौर में खेलने की कोशिश करेंगे।' बयान में यह भी कहा गया कि ग्रीन का एकदिवसीय मैचों में नहीं खेलना एक एहतियाती कदम है। उनके स्थान पर चुने गए लाबुशेन शुरुआती टीम का हिस्सा नहीं थे लेकिन क्वींसलैंड के लिए शेफील्ड शील्ड मैच में 159 रन बनाने के बाद उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

यह घरेलू सत्र का उनका चौथा शतक है। भारत के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया को यह तीसरा बदलाव करना पड़ा है। इससे पहले चोटिल जोश इंगलिस की जगह जोश फिलिप और एडम जंपा की जगह मैथ्यू कुहनेमैन को टीम में जगह दी गई।

### बावुमा दक्षिण अफ्रीका टीम में शामिल



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान तेम्बा बावुमा को इस महीने के अंत में भारत दौरे के लिए देश की 'ए' टीम में शामिल किया गया है ताकि 14 नवंबर से शुरू होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठा सके। बवुमा पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में टीम का हिस्सा नहीं है। उन्हें पूरी तरह से उबरने के लिए समय देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला की टीम में नहीं चुना गया है। बावुमा को 'ए' टीम में शामिल करके टीम में वापसी करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही उन्हें शुभमन गिल और उनकी टीम के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले भारतीय परिस्थितियों में ढलने में मदद मिलेगी।

## अब तक बिके 10 लाख से अधिक टिकट

# सिर चढ़कर बोल रहा फीफा विश्व कप फुटबॉल का क्रेज



एजेंसी ▶▶| मियामी

फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं। उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं।

- अगले साल 11 जून से शुरू होगा फुटबॉल का महासंग्राम
- सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की

### 11 जून 2026 से शुरू होगा ऐतिहासिक टूर्नामेंट

फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, 'दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं।' उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।' फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी 'रीसेल' साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे।

# नाओमी जापान ओपन से हटीं...

एजेंसी ▶▶| ओसाका

नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण यहां जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहुंच गईं। डब्ल्यूटीए टूर ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया।




# विश्व जूनियर पदक जीतने वाली तन्वी 17 साल में पहली भारतीय, हुड्डा चूकी



**गुवाहाटी।** तन्वी शर्मा बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पदक पक्का करने वाली 17 साल में पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई जिन्होंने एक गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जापान की साकी मत्सुमोतो को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सोलह वर्ष की तन्वी ने मत्सुमोतो को 47 मिनट तक चले सेमीफाइनल में 13.15, 15.9, 15.10 से हराया। वहीं आठवीं वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की अन्यापत फिचित्फोन से 12 . 15, 13 . 15 से हारकर बाहर हो गई। उन्नति ओडिशा ओपन सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे युवा भारतीय बनी थी और भारत की 2022 उबेर कप टीम का भी हिस्सा थी। भारत की भव्या छाबड़ा और विशाखा टोप्पो की जोड़ी चीनी ताइपै के हुंग बिंग फू और चोउ युन अन से 9.15, 7.15 से हारकर बाहर हो गई। पुरुष युगल में भी भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोबुरु की जोड़ी को क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें चीन की एशियाई जूनियर चैंपियन चेन जुन टिंग और लियू जुन रोंग की जोड़ी से 12.15, 10.15 से शिकस्त मिली।

## वोलवार्ट और ब्रिट्स के अर्धशतक, बारिश के कारण 20 ओवर का हुआ मुकाबला

# अफ्रीका ने वर्षा बाधित मैच में श्रीलंका को 10 विकेट से रौंदा

भाषा ▶▶| कोलंबो

दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोलवार्ट (60 रन) और तजमिन ब्रिट्स (55 रन) के नाबाद अर्धशतकों की मदद से शुक्रवार को यहां वर्षा बाधित आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस पद्धति से 10 विकेट से रौंदकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। भारी बारिश के कारण मैच 20-20 ओवर का कर दिया गया था। दक्षिण अफ्रीका ने नॉनकुलुलेको मलाबा (30 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका को सात विकेट पर 105 रन पर रोक दिया। सह मेजबान टीम के लिए युवा विष्मी गुणरत्ने 34 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। लेकिन दक्षिण अफ्रीका को डकवर्थ लुईस पद्धति से जीत के लिए 20 ओवर में 121 रन का का लक्ष्य मिला जिसे उसने 14.5 ओवर में 125 रन बनाकर हासिल कर लिया। ब्रिट्स ने छक्का जड़कर अपना अर्धशतक भी पूरा किया और टीम को लगातार चौथी जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अभियान की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर ढेर होने से की। लेकिन इसके बाद उसका लगातार जीत हासिल करने का सिलसिला जारी है। कप्तान वोलवार्ट ने 47 गेंद की पारी के दौरान आठ चौके जड़े जबकि ब्रिट्स ने 42 गेंद में चार चौके और दो छक्के जमाए। श्रीलंका को अब भी अपनी पहली जीत का इंतजार है। उसने छह गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई लेकिन वोलवार्ट और ब्रिट्स ने बिना किसी परेशानी के 31 गेंद रहते दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई। इससे पहले श्रीलंकाई पारी के 12वें ओवर के बाद बारिश से खेल रुक गया था तब सह-मेजबान टीम का स्कोर दो विकेट पर 46 रन था।



### न्यूजीलैंड की राह रोकने उतरेगी पाक टीम

**कोलंबो।** अंतिम चार में जगह बनाने की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी पाकिस्तान की टीम शनिवार को आईसीसी महिला विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसकी नजरें विरोधी टीम की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेरने पर टिकी होंगी। पाकिस्तान को इंग्लैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के कारण धुल जाने के कारण गंवाए गए मौकों का मलाल होगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife

जीतने का मौका
100% कैशबैक | सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. $Mileage of Hero Super Splendor Xtec as per internal testing conditions. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa: Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak: Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: KhannaHero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

TU1Jgtq132147